वर्ष 24, अंक 323, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 1 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आरसीबी लगातार दूसरी बार बनी आईपीएल चैम्पियन

### गुजरात को फाइनल में रौंदा, कोहली-रसिक जीत के हीरो



**नई दिल्ली**

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 का खिताब जीत लिया है. आरसीबी लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी है. फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से रौंदा. गुजरात की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 155 रन बनाए थे, जवाब में आरसीबी ने 18वें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल करके इतिहास रच दिया. विराट कोहली ने नाबाद 75 रनों की पारी खेली.

आईपीएल के इतिहास में RCB ऐसी केवल तीसरी टीम बन गई है, जिसने लगातार 2 सीजन आईपीएल की ट्रॉफी जीती हो. चेन्नई सुपर किंग्स ने 2010-2011 और फिर मुंबई इंडियंस ने 2019-2010 में लगातार 2 बार चैंपियन होने का तमगा हासिल किया था. अब बेंगलुरू ने 2025 के बाद 2026 का खिताब भी जीतकर इस खास फेहरिस्त में जगह बना ली है.

RCB ने रचा इतिहास

रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने इतिहास रच किया है. पाटीदार अब एमएस धोनी और रोहित शर्मा के बाद ऐसे केवल तीसरे कप्तान बने हैं, जिन्होंने लगातार 2 खिताब जीते हों. कमेंटेटर्स से लेकर एक्सपर्ट्स भी कहते रहे कि इस मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना सही फैसला साबित हो सकता है. मगर कप्तान पाटीदार और आरसीबी मैनेजमेंट ने कुछ और ही सोच रखा था. बेंगलुरू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी.

रसिक सलाम डार के नेतृत्व में चमकी RCB की पेस बैटरी

आईपीएल फाइनल में गुजरात की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी. गुजरात की ओर से केवल वॉशिंगटन सुंदर (50 नाबाद) ने टिककर बल्लेबाजी की. गुजरात की शुरूआत बेहद खराब रही और उनको पहला झटका 22 रन पर कप्तान शुभमन गिल (10) के रूप में लगा।

## पश्चिम बंगाल में बड़ा सियासी धमाका!

### 35 मंत्री एक साथ लेंगे शपथ, नए चेहरों को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य सरकार की मंत्रिपरिषद का विस्तार किया जाएगा. इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा किया. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अपने पोस्ट में लिखा कि पश्चिम बंगाल की जनता के फैसले से चुनी गई राष्ट्रवादी सरकार की पूर्ण मंत्रिपरिषद का गठन किया जा रहा है. मंत्रिपरिषद के विस्तार के तहत राज्य सरकार के 35 मंत्री कल सोमवार (1 जून 2026) की सुबह 11 बजे शपथ लेंगे. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह नबान्न में आयोजित किया जाएगा. इस दौरान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. मंत्रिपरिषद के इस विस्तार को नई सरकार के गठन के बाद एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

शपथ लेने वाले मंत्रियों को बाद में विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है. सरकार की ओर से अभी मंत्रियों के विभागों की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है.

पश्चिम बंगाल राज्य की राजनीति में इस कार्यक्रम को अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद सरकार का प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा और अलग-अलग विभागों में कामकाज की जिम्मेदारियां तय हो सकेंगी. बता दें कि बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को हरा दिया था।

## हमारी शर्तों पर डील करो या वार के लिए तैयार रहो- ट्रंप



**अमेरिका**

**पश्चिम** एशिया में जारी भारी तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बड़ा बयान सामने आया है। ईरान के साथ चल रही बातचीत को लेकर ट्रंप ने ईरान को सीधे तौर पर चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान एक 'बहुत अच्छे समझौते' के करीब पहुंच चुके हैं, लेकिन अगर वाशिंगटन को वह नहीं मिलता जो वह चाहता है, तो वह इस मामले को किसी और तरीके से खत्म करेगा।

बहू लारा ट्रंप को दिए इंटरव्यू में किया खुलासा

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह टिप्पणियां 'फॉक्स न्यूज' के लिए अपनी बहू लारा ट्रंप के साथ हुए एक विशेष इंटरव्यू के दौरान कीं। ट्रंप ने कहा, "हम एक बहुत अच्छे समझौते के बेहद करीब हैं। अगर आप ज्यादा जल्दबाजी करेंगे तो आपको बेहतर डील नहीं मिल पाएगी। धीरे-धीरे ही सही, लेकिन निश्चित रूप से हमें वह सब मिल रहा है जो हम चाहते हैं। अगर हमें वह नहीं मिला, तो हम इसे किसी और रास्ते से खत्म करेंगे।"

वरना सीधे 'युद्ध विभाग' से करेंगे संपर्क

ईरान के रुख पर बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरानी लोग 'अच्छे वातार्कार' हैं, लेकिन इस समय सारे पत्ते अमेरिका के हाथ में हैं क्योंकि ईरान सैन्य रूप से कमजोर हो चुका है। ट्रंप ने आगे कहा, "इसके बावजूद हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर हम इसे शांति से कर लेते हैं, तो बहुत अच्छा है। अन्यथा, हम सीधे युद्ध विभाग से संपर्क करेंगे।"

परमाणु हथियार न बनाने का मिला भरोसा

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि ईरान ने अमेरिका को पूरी तरह भरोसा दिलाया है कि वह न तो परमाणु हथियार विकसित करेगा और न ही उन्हें खरीदेगा। ट्रंप के मुताबिक, यह ईरान के पहले के कड़े रुख से बहुत बड़ा बदलाव है और दोनों देशों के बीच चल रही वाताओं में इसे एक बेहद महत्वपूर्ण और सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जब उन्होंने ईरानी पक्ष से परमाणु हथियार हासिल करने के नतीजों पर पूछा, तो ईरान ने साफ कर दिया कि वह इस दिशा में आगे नहीं बढ़ेगा।

ईरान की नौसेना और वायुसेना को भारी नुकसान

डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी दावा किया कि इस समय ईरान पर अमेरिका का पूरा दबदबा है, क्योंकि अमेरिकी कार्रवाइयों से उसकी नौसेना और वायुसेना को भारी नुकसान पहुंचा है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के कट्टरपंथी तत्वों और शीर्ष नेतृत्व को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि कुछ अमेरिकी नेताओं के बेहद उदार रुख के कारण इस सैन्य कार्रवाई को और आगे नहीं बढ़ाया गया था।

रणनीति को लेकर कैबिनेट सहयोगियों संग बड़ी बैठक

इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कैबिनेट सहयोगियों और बड़े सैन्य अधिकारियों के साथ एक हाई-लेवल बैठक की है। हालांकि, इस बैठक के बाद भविष्य की रणनीति को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## शालीमार बाग में अवैध इमारतों पर चला बुलडोजर

**शालीमार**

**नॉर्थ** वेस्ट दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में रविवार (31 मई) अलसुबह बड़ी डिमोलिशन (बुलडोजर) कार्रवाई शुरू हो गई है. दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रही करीब 157 अवैध इमारतों को ढहाने का काम सुबह 6:30 बजे से ही जारी है. कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए इलाके को तड़के 4 बजे से ही छावनी में तब्दील कर दिया गया था. मौके पर भारी संख्या में दिल्ली पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स, PWD और MCD की टीमें तैनात हैंक्यों हो रही है डिमोलिशन की यह कार्रवाई? सड़क चौड़ीकरण: यह सड़क आउटर रिंग रोड से आजादपुर मंडी की तरफ आती है।

## पानी की सप्लाई पर सीएम रेखा गुप्ता सख्त, अधिकारियों के साथ की बड़ी समीक्षा बैठक



**दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार (31 मई) को जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में जल मंत्री परवेश वर्मा, दिल्ली जल बोर्ड के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान राजधानी में पेयजल आपूर्ति की स्थिति, जल वितरण व्यवस्था और नागरिकों को निर्बाध पानी उपलब्ध कराने से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई.मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में जल संकट न होने पाए और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए. बैठक में जल प्रबंधन को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया।

## दुश्मनों की खैर नहीं! DRDO ने किया विध्वंसक 'हाई कैलिबर बम' का सफल टेस्ट



**हरियाणा**

**रक्षा** अनुसंधान और विकास संगठन यानी DRDO ने रविवार (31 मई, 2026) को हरियाणा में एक हाई कैलिबर बम की टेस्टिंग को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है. इस बम का परीक्षण हरियाणा के पंचकूला जिले के रामगढ़ स्थित डीआरडीओ की टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लैबोरेटरी में किया गया.

इस हाई कैलिबर बम का परीक्षण भारतीय वायु सेना के सीनियर अधिकारियों की निगरानी में और कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच किया गया है. अधिकारियों ने इस परीक्षण के बारे में बताया कि परीक्षण पूरी तरह से सफल रहा है और इसे निर्धारित सुरक्षा मानकों और प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए अंजाम दिया गया.

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की ओर से निर्धारित परीक्षण को देखते हुए टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लैबोरेटरी , पंचकूला जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने पहले से पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया था. सुरक्षा के प्रोटोकॉल के तहत टीबीआरएल के आसपास के सभी इलाकों में विशेष निगरानी भी रखी गई थी.

2 किलोमीटर के दायरे को घोषित किया गया संवेदनशील क्षेत्र

दरअसल, अधिकारियों का इस बात की आशंका थी कि परीक्षण के दौरान बम के टुकड़े (फ्रैगमेंट्स) करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी तक उड़ सकते हैं. इसी वजह से ळइफ्छ के आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा को देखते हुए अधिकारियों की तरफ से दो किलोमीटर के दायरे को संवेदनशील इलाका घोषित किया गया था.

गांवों को दी गई थी विशेष सावधानी बरतने की सलाह

इसके अलावा, सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आसपास के भानू और बिल्ला गांवों को रहने वाले लोगों को विशेष निर्देश जारी किए गए थे ।


## यूपी में शिक्षा सुधार का नया अध्याय, योगी सरकार ने 33401 पदों पर की बंपर शिक्षक भर्ती

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे भर्ती संकट को समाप्त कर व्यवस्था परिवर्तन का नया अध्याय लिखा है. पूर्व में वर्ष 2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप रही, जिसके कारण विद्यालयों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हो गए और शिक्षा व्यवस्था गंभीर चुनौतियों से घिर गई. वर्ष 2017 में योगी सरकार के गठन के बाद स्थिति तेजी से बदली. सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए पारदर्शिता, सुशासन और मेरिट को केंद्र में रखा, जिसका परिणाम 33,401 पदों पर सफल चयन के रूप में सामने आया.

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से वर्ष 2022 तक प्रधानाचार्यों के 783, प्रवक्ता के 5,321 तथा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 27,297 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई।

## दिल्ली-यूपी समेत 19 राज्यों में दिखेगा मौसम का रौद्र रूप



**दिल्ली-यूपी**

**देश** में मौसम एक बार फिर कर-वट लेने वाला है। मई के आखिरी हफ्ते में मौसम का जो बदला हुआ मिजाज देखने को मिला है, वह जून की शुरूआत में भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने 1 जून को दिल्ली, यूपी और बिहार समेत देश के 19 राज्यों में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान लोगों से बेहद सावधान रहने की अपील की गई है।

90 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, ओले गिरने की आशंका

आईएमडी के मुताबिक, बारिश के साथ-साथ 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भीषण आंधी चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने किसानों और मछुआरों को बेवजह नदी किनारे न जाने की सलाह दी है, क्योंकि तेज आंधी की वजह से उत्तर भारत के कई जिलों में पेड़-पौधे उखड़ सकते हैं। इसके साथ ही कई राज्यों में ओले गिरने की भी चेतावनी दी गई है। पहाड़ी इलाकों की यात्रा करने वाले लोगों से भी मौसम का अपडेट देखकर ही निकलने को कहा गया है।

चक्रवाती सिस्टम के कारण बदलेगा मौसम मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर निचले और मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों में एक चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) बनता नजर आ रहा है। इसके साथ ही पूर्वी मध्य और दक्षिणपूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर भी एक चक्रवाती सिस्टम बना हुआ है। इन्हीं मौसमी बदलावों के कारण देश के एक बड़े हिस्से में आंधी-पानी का यह प्रहार देखने को मिलेगा।

## आईपीएस राजीव कृष्ण बने यूपी के स्थायी डीजीपी

### नियुक्ति का आदेश जारी, सीएम योगी से भी की मुलाकात



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने 1991 बैच के सीनियर आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को प्रदेश का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है. वह फिलहाल कार्यवाहक डीजीपी के रूप में प्रदेश पुलिस की कमान संभाल रहे थे. इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन की ओर से आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है.

राजीव कृष्ण ने तत्कालीन डीजीपी प्रशांत कुमार के रिटायर होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी का पदभार संभाला था. इससे पहले वह डीजी विजिलेंस और उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं. पुलिस विभाग में उनकी पहचान एक अनुभवी, अनुशासित और परिणामोन्मुख अधिकारी के रूप में रही है.

मई 2022 के बाद से यूपी में नहीं था कोई स्थायी डीजीपी

मई 2022 में मुकुल गोयल को हटाए जाने के बाद से उत्तर प्रदेश में कोई पूर्णकालिक डीजीपी नहीं था. गोयल के बाद राज्य में कई कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक रहे जिनमें डी. एस. चौहान, आर. के. विश्वकर्मा, विजय कुमार, प्रशांत कुमार और राजीव कृष्ण शामिल हैं. कृष्ण ने अपने पेशेवर करियर की शुरूआत राज्य पुलिस में प्रयागराज में एक प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी के तौर पर की थी. प्रदेश के कई जिलों में उन्होंने एसपी और एसएसपी के तौर पर काम किया.

राजीव कृष्ण के पास कई अहम पदों पर काम करने का अनुभव

गौतमबुद्ध नगर निवासी राजीव कृष्ण ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है. अपने तीन दशक से अधिक पुलिस सेवाकाल में उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों और महत्वपूर्ण इकाइयों में कार्य किया है. आगरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के रूप में उनका कार्यकाल विशेष रूप से चर्चित रहा, जहां उन्होंने संगठित अपराध और अपहरण गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर अलग पहचान बनाई थी. पुलिस मुख्यालय, विजिलेंस और भर्ती बोर्ड में काम करने का व्यापक अनुभव रखने वाले राजीव कृष्ण प्रशासनिक दक्षता और संस्थागत सुधारों के लिए भी जाने जाते हैं।

# राजमाता मां अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर निकली शोभायात्रा युवाओं ने दिया उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** राजमाता मां अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर रविवार को रामनाथ पट्टी गांव में युवाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व मूल चंद्र पाल ने किया। श्रद्धा, उत्साह और जयघोष के बीच निकाली गई यह शोभायात्रा रामनाथ पट्टी से प्रारंभ होकर चिरौरा चौराहा, रुदापुर, थानापुर और सहसों होते हुए पुनः रामनाथ पट्टी गांव पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान युवाओं ने राजमाता मां अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के साथ जयघोष करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने शोभायात्रा का स्वागत किया तथा श्रद्धाभाव से सहभागिता निभाई। इसके उपरांत आयोजित सभा में वक्ताओं ने मां अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, व्यक्तित्व और उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, सुशासन, धर्म एवं जनकल्याण की ऐसी मिसाल स्थापित की, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई है। देशभर में उनके द्वारा कराए गए मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण उनकी दूरदर्शिता और लोककल्याणकारी सोच का प्रतीक है।




वक्ताओं ने कहा कि मां अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण, समाजसेवा और राष्ट्रभक्ति की जीवंत प्रतीक थीं। उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर रामसुमेर पाल, शैलेश पाल, विजय पाल, प्रेमचंद पाल, शिवशंकर पाल, शिवप्रसाद पाल, बब्बू पाल, नरेंद्र पाल, राजेश पाल, शुभम पाल, सचिन पाल, रामबाबू पाल सहित बड़ी संख्या में युवा एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**लालापुर।** बारा थाना क्षेत्र के धुर्मी रेलवे फाटक के पास हुआ हादसा; दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया ?मृतक सीताराम (उम्र 28 वर्ष), पिता का नाम रामनारायण निवासी लालापुर थाना सेमरी गाँव । पत्नी पूजा पाल, एक बेटा (अक्षित, उम्र 1.5 वर्ष) और एक नवजात बेटी (अर्चिता, उम्र 15 दिन)। धुर्मी रेलवे फाटक के पास एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ जहाँ ट्रेन की चपेट में आने से एक 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मची हुई है और पूरे इलाके में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामनारायण के 28 वर्षीय पुत्र सीताराम रोज की तरह अपनी भैंस चराने गए हुए थे। जब वह भैंस चराकर वापस घर लौट रहे थे, तभी धुर्मी रेलवे फाटक के पास वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सीताराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे।

### पीछे छूट गया रोता-बिलखता परिवार

इस दुखद घटना ने हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ कर रख दिया है। मृतक सीताराम अपने पीछे पत्नी पूजा पाल और दो मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। उनका एक बेटा है जिसका नाम अक्षित (उम्र लगभग डेढ़ वर्ष) है। वहीं उनकी एक छोटी बेटी है जिसका नाम अर्चिता है, जिसका जन्म मात्र 15 दिन पहले ही हुआ था। घर के कमाऊ सदस्य की इस तरह अचानक मौत से पत्नी पूजा पाल का रो-रोकर बुरा हाल है। नवजात बच्ची और मासूम बेटे के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। परिजनों के विलाप को देखकर मौके पर मौजूद हर व्यक्ति की आँखें नम हो गईं। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है।

## शराब पीकर यूवक ने महिला को मारा पीटा, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक महिला का आरोप है कि एक युवक शराब पीने के बाद उसके घर पर चढ आया जबरियन छोला समोसा खिलाने को कहा न खाने पर मार पीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बडी मदारी निवासनीय सुशीला देवी पत्नी निरंजन का आरोप है कि गांव एक युवक उसके घर पर शराब पीकर आया जबरियन छोला समोसा खिलाने लगा। महिला का आरोप है कि मना करने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उसे लाठी डंडा से मार पीट कर जख्मी कर दिया।

## पर्यावरण संरक्षण और जल संकट के मुद्दे पर किसान नेता राकेश त्रिपाठी ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** बारा तहसील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, वन भूमि की सुरक्षा, भूगर्भ जल संरक्षण तथा पेयजल व्यवस्था को लेकर किसान नेता एवं अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी ने उपजिलाधिकारी बारा डॉ. गणेश कनौजिया को ज्ञापन सौंपकर कई गंभीर मुद्दों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

ज्ञापन में क्षेत्र में कथित रूप से हो रहे पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन, वन भूमि पर अतिक्रमण, हरे पेड़ों की कटाई, भूगर्भ जल के अनियंत्रित दोहन तथा पेयजल संकट की निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर जवाबदेही तय करने और निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।राकेश त्रिपाठी ने कहा कि बारा और शंकरगढ़ क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन लगातार प्रभावित हो रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में जल संकट और पर्यावरणीय समस्याएं और गंभीर रूप ले सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को प्राथमिकता देने की मांग करते हुए जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों, सामाजिक संगठनों और क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, वन भूमि की सुरक्षा और जल संरक्षण को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस तरह प्रशासन अवैध खनन, ओवरलोड वाहनों और अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में कार्रवाई करता है, उसी गंभीरता से पर्यावरण और जल संरक्षण जैसे जनहित के मुद्दों पर भी कदम उठाए जाने चाहिए।

फिलहाल क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। लोगों के बीच यह चर्चा बनी हुई है कि किसान नेता राकेश त्रिपाठी द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रशासन ठोस पहल करेगा या मामला केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रहेगा। आने वाले दिनों में प्रशासन के रुख पर सभी की नजर बनी रहेगी।

## अहिल्याबाई जयंती पर कोरांव में हुआ रैली का आयोजन

बसहरा से शुरू होकर गीता ज्ञान एकेडमी कोरांव में हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**पसना।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर समाजोत्थान के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 31 मई 2026 को तहसील कोरांव में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य समाजोत्थान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। रैली बसहरा से शुरू होकर कपूरी पसना होते हुए कोरांव मार्केट मांडा वाली रोड स्थित गीता ज्ञान एकेडमी विद्यालय के सामने आकर समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रदेश सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में, एसीपी मेजा संत कुमार उपाध्याय के आदेश पर, जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यगण ड्यूटी पर तैनात रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार के निर्देशानुसार, थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्रदेव मिश्र के नेतृत्व में पुलिस बल और स्वयंसेवक यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहे।




इस कार्यक्रम में सह थाना कमेटी प्रभारी मोहम्मद असलम, एहसान अहमद, राकेश कुमार केसरी, चंद्र प्रकाश सिंह सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। रैली के संयोजक हरिप्रसाद पाल, शिवदानी पाल, संतलाल पाल, अनीता कोल, अशर्फी लाल और पूर्व प्रधान ओम प्रकाश पाल ने भी इसमें अपनी सहभागिता दी। एसआई सेवा लाल, कांस्टेबल अजय कुमार, महिला कांस्टेबल मंजेश कुमारी, सुशील कुमार, विपुल कुमार, योगेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहा।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली, ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से किया अवगत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने रविवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर लोगों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कैडेट्स ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद भी किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।






विश्वविद्यालय की 17 यूपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य जनमानस को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सचेत करना था। रैली के दौरान कैडेट्स ने नशा मुक्ति से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।


अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स विश्वविद्यालय परिसर के आसपास स्थित ग्राम महुआरी और सांडवा कला पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर तंबाकू, गुटखा, सिगरेट और अन्य प्रकार के नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही युवाओं और ग्रामीणों से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।


जागरूकता रैली विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए ग्राम महुआरी और सांडवा कला पहुंची। वहां संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के बाद रैली पुनः विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर पहुंचकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही नशे के खिलाफ प्रभावी जनजागरण संभव है। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए नशा मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

## भारतगंज में भीषण गर्मी से फल खराब : कल्लू फल वाले को हजारों के केले फेंकने पड़े, बिजली कटौती भी कारण

**मांडा।** यमुनापार मांडा क्षेत्र के भारतगंज में भीषण गर्मी के कारण फल कारोबारियों को भारी नुकसान हो रहा है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने के कारण केले, आम और अंगूर जैसे फल तेजी से खराब हो रहे हैं। भारतगंज कस्बे में कल्लू फल वाले के गोदाम में रखे हजारों रुपये के केले गर्मी से काले पड़कर सड़ गए। दुकानदार को यह खराब माल फेंकना पड़ा।थोक व्यापारी चमन राईन के अनुसार, भीषण गर्मी के कारण प्रतिदिन 20 से 25 प्रतिशत फल खराब हो रहे हैं। भारतगंज मंडी में फल परिवहन के दौरान ही पककर गल रहे हैं। फलों के दाम गिरने के बावजूद खरीदार नहीं मिल रहे हैं।





भारतगंज के फल व्यापारी अर्जुन सोनकर और दिनेश सोनकर ने भी बताया कि भीषण गर्मी और अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। इस स्थिति के कारण भारतगंज मंडी में फलों की आवक भी कम हो गई है। व्यापारियों ने प्रशासन से इस नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। व्यापारियों ने

फल विक्रेता कल्लू ने बताया कि उन्होंने एक ट्रक केले मंगाए थे, जो दो दिन की गर्मी में ही काले पड़ गए। ग्राहकों ने खराब केले खरीदने से इनकार कर दिया। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज में बिजली कटौती को भी फलों के सड़ने का एक प्रमुख कारण बताया।तो आने वाले दिनों में भारतगंज में फलों के दाम और बढ़ सकते हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुई जागरूकता संगोष्ठी स्वस्थ जीवन अपनाने का लिया संकल्प

**सहसों।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को सहसों बाईपास स्थित हरिओम चिकित्सालय में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तंबाकू एवं अन्य नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ और बेहतर जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए चिकित्सालय के निदेशक डॉ. अमित यादव ने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों, आर्थिक नुकसान और पारिवारिक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तंबाकू केवल शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से तंबाकू जैसी घातक आदतों को त्यागकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। डॉ. यादव ने कहा कि तंबाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग, श्वास संबंधी समस्याओं सहित अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बन सकता है। यदि लोग समय रहते इस आदत को छोड़ने का संकल्प लें तो वे स्वयं और अपने परिवार को बेहतर भविष्य दे सकते हैं। इस अवसर पर नीरज पांडेय सहित कई लोगों ने तत्काल प्रभाव से तंबाकू का सेवन न करने का संकल्प लिया। वहीं चंद्रेश नारायण द्विवेदी, लाल द्विवेदी और दिनेश चंद्र मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लगभग चार माह पूर्व तंबाकू का सेवन पूरी तरह छोड़ दिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम उनके स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू छोड़ने के बाद उनके दांत और मुख की स्थिति में सुधार हुआ है तथा वे पहले की अपेक्षा अधिक स्वस्थ और ऊजार्वान महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी लोगों से सहयोग करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। अंत में सभी ने तंबाकू से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया।

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर युवाओं ने किया नि:शुल्क शरबत वितरण





अखंड भारत संदेश

**मांडा।** क्षेत्र के दिघिया गांव में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर युवाओं एवं ग्रामीणों द्वारा निशुल्क शरबत एवं पानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से दिघिया-रामनगर मार्ग पर राहगीरों को रोककर उन्हें शीतल शरबत और पानी पिलाया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सेवा कार्य में सहयोग किया। इस दौरान सैकड़ों राहगीरों ने शरबत ग्रहण कर युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। आयोजकों का कहना था कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज सेवा, जनकल्याण और मानवता के लिए समर्पित रहा है। उनकी जयंती पर इस प्रकार का सेवा कार्य कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्राम प्रधान नरवर चौकठा मंगला प्रसाद ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में राहगीरों को शीतल पेय उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से लगभग तीन सौ से अधिक राहगीरों को निशुल्क शरबत एवं पानी पिलाया गया।

इस अवसर पर अमित खटिक, जोखूराम निषाद, लक्ष्मीशंकर अधिवक्ता, रवि पाल, आलोक पाल, अंकित कुमार, सुरेश पाल, सूर्यकांत पाल, प्रदीप कुमार, धीरज पाल, अखिलेश तथा सुशील गुप्ता सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सेवा भावना और सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को अपनाने तथा समाजहित के कार्यों में निरंतर योगदान देने का संकल्प भी लिया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस : हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ जागरूकता रैली में उमड़ा जनसैलाब

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को चंद्रशेखर आजाद पार्क (कंपनी गार्डन) में नशामुक्त भारत अभियान के तहत भव्य जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में सिविल डिफेंस, लायंस क्लब, यातायात पुलिस तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सैकड़ों सदस्यों ने भाग लेकर लोगों को तंबाकू और अन्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह ने उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई और रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन गंभीर और जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा संस्थानों में विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को नशामुक्त समाज निर्माण के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

रैली चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर-3 से शुरू होकर गेट नंबर-1 तक पहुंची और पुनः गेट नंबर-3 पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने ह्लजिंदगी चुनें, नशा नहींह्व जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज क्षेत्र की ओर से सिविल डिफेंस और लायंस इंटरनेशनल मंडल 321-ई के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी चारुल मिश्रा तथा लायन हिमांशु गुप्ता ने किया।

रैली में सिविल डिफेंस के अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं लायंस इंटरनेशनल मंडल 321-ई के पदाधिकारियों और विभिन्न क्लबों के सदस्यों ने अपने-अपने बैनर के साथ शामिल होकर सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चारुल मिश्रा ने कहा कि तंबाकू और नशे के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाने की आवश्यकता है। यातायात पुलिस निरीक्षक पवन पांडे ने भी लोगों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सहित सिविल डिफेंस, लायंस क्लब, यातायात पुलिस और नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राजकीय उद्यान के अधीक्षक जगदीश प्रसाद ने किया। आयोजन की सफलता पर लायन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव एवं लायंस क्लब प्रयागराज गौरव ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** तिरंगा चौराहे पर फायरिंग के मामले में झूंसी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल भी बरामद की है।

आवास विकास कॉलोनी निवासी पवन गोस्वामी और सरायइनायत थाना क्षेत्र के सराय चाचक गांव निवासी मानवेंद्र सिंह उर्फ जेलर के बीच पुराना विवाद चल रहा था। शनिवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद मारपीट हुई। आरोप है कि इसी दौरान मानवेंद्र सिंह ने पिस्तौल से फायरिंग कर दी। पवन गोस्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। देर रात पुलिस ने मानवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्तौल बरामद कर ली। हालांकि क्षेत्र में चर्चा है कि आरोपी ने नाटकीय ढंग से शिवकुटी थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया था।

# आरपीएफ द्वारा दो नाबालिग लड़कियां सुरक्षित बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत नैनी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर घर से भागकर आई दो नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर चाइल्डलाइन प्रयागराज को सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मई को सहायक उप निरीक्षक वी.के. तिवारी, कांस्टेबल अवधेश कुमार एवं कमर्शियल स्टाफ तरुण द्वारा नैनी जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर चेकिंग के दौरान दो नाबालिग लड़कियां संदिग्ध अवस्था में मिलीं। पूछताछ में दोनों ने घर से भागकर आने की बात स्वीकार की। इसके बाद दोनों लड़कियों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट नैनी लाया गया जहां महिला कांस्टेबल अंजली देवी की निगरानी में रखा गया। आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन के उपरांत चाइल्डलाइन प्रयागराज के सुपरवाइजर राजेंद्र कुमार गुप्ता तथा केस वर्कर तान्या पाल आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। आदेशानुसार दोनों नाबालिग लड़कियों को सकुशल अग्रिम कार्रवाई एवं पुनर्वास हेतु आवश्यक सुपुर्दगी प्रक्रिया पूरी कर चाइल्डलाइन प्रयागराज को सौंप दिया गया। आरपीएफ द्वारा समय रहते की गई कार्रवाई से दोनों बच्चियों की सुरक्षासुनिश्चित हो सकी।

# एडीए में ईंटों से लदा ट्रैक्टर नाले में पलटा, बड़ा हादसा टला



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में रविवार को एडीए पाल चौराहे के समीप ईंटों से लदा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर निमार्णाधीन नाले में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लेकिन राहत की बात यह रही कि ट्रैक्टर पर सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना एडीए पाल चौराहे के पास एक अपार्टमेंट के पीछे हुई। बताया जाता है कि ट्रैक्टर ईंटें लादकर पाल चौराहे की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रैक्टर का पिछला हिस्सा सड़क किनारे बने निमार्णाधीन नाले में जा गिरा और वाहन पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य में जुट गए। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि ट्रैक्टर पर सवार लोगों को कोई गंभीर चोट नहीं आई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि निमार्णाधीन नाले के आसपास पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

### प्रयागराज में एक दिन में 124 लेखपालों के तबादले से मची खलबली

**प्रयागराज।** लेखपालों के तबादले में नियमों को ताक पर रख दिया गया। शासन ने 10 प्रतिशत तबादले के आदेश दिए थे, लेकिन यहां 23 प्रतिशत लेखपाल इधर से उधर कर दिए गए। सेवानिवृत्त के बेहद करीब पहुंचे और प्रोबेशन वाले कर्मचारियों की तहसीलें भी बदल दी गईं। तबादलों में मनमानी का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने धरना-प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। जिले की आठ तहसीलों में करीब 540 लेखपाल तैनात हैं। प्रभारी मुख्य राजस्व अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने 30 मई को इनके तबादले के अलग-अलग आदेश जारी किए। एक आदेश में 60, दूसरे में 55 लेखपालों का स्थानांतरण हुआ। तीसरे आदेश में छह लेखपालों के तबादले हुए और तीन के पूर्व में हुए स्थानांतरण में बदलाव किया। इस तरह 540 में 124 तबादले इधर से उधर किए गए।

# ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर घायल हुए बाइक सवार की हुई मौत

## परिजनों ने गांव में ही किया अंतिम संस्कार, ट्रैक्टर ट्राली पुलिस हिरासत में

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के घेघसाही मोड़ पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार उदय राज सोनी (40) की मृत्यु हो गई। शनिवार शाम को अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद प्रयागराज में उपचार के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बसुही निवासी उदय राज सोनी शनिवार शाम करीब 6 बजे बाइक से कोरांव बाजार जा रहे थे। घेघसाही रोड से ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे ही कोरांव-कोहड़ार मुख्य मार्ग पर चढ़ने लगी, अधिक भार के कारण वह चढ़ाई पर रुक गई और पीछे खिसकने लगी।

उदय राज सोनी अपनी बाइक से ट्रैक्टर-ट्रॉली के ठीक पीछे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली के अचानक पीछे खिसकने से वे संभल नहीं पाए और उसका पहिया उन्हें कुचलते हुए लगभग 25 मीटर पीछे चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहिया उनकी पीठ पर चढ़ गया था, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद परिजनों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया। शनिवार देर रात उपचार के दौरान उदय राज सोनी ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने रविवार दोपहर करीब 3 बजे गांव में लपरी नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया। इस मामले में कोरांव थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार शाम करीब 5 बजे बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस द्वारा मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा,तकनीक और समाजसेवा के जरिए युवाओं को नई दिशा देना ही उद्देश्य है : धर्म प्रकाश शुक्ला

## अपनी मेहनत व्यवहार और समाजसेवा की बदौलत बेहद कम समय में युवा समाजसेवी धर्मप्रकाश शुक्ला (महादेव भैया) ने प्रयागराज से मुंबई तक स्थापित की है अपनी अलग पहचान

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के ऊंचडीह निवासी धर्म प्रकाश शुक्ला आज सामाजिक, राजनीतिक एवं युवा जागरूकता के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रहे हैं। क्षेत्र में लोग उन्हें ‍‍₹महादेव भैया₹ के नाम से भी जानते हैं समाजसेवा के साथ-साथ वे युवाओं को शिक्षा,आधुनिक तकनीक और सकारात्मक सोच से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। धर्म प्रकाश शुक्ला का कहना है कि शिक्षा, तकनीक और समाजसेवा के माध्यम से युवाओं को नई दिशा देना उनका प्रमुख उद्देश्य है। उनका मानना है कि युवा शक्ति को सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर समाज और देश के विकास को नई गति मिल सकती है। मूल रूप से मेजा विधानसभा क्षेत्र से जुड़े धर्म प्रकाश शुक्ला का जनसंपर्क प्रयागराज के साथ-साथ मुंबई तक फैला हुआ बताया जाता है। सोशल मीडिया और विभिन्न सामाजिक अभियानों के माध्यम से वे लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्वांचल समाज और उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच भी उनकी सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में वे गरीब, असहाय एवं दिव्यांग बच्चों की सहायता तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा युवाओं के रोजगार, सामाजिक सहयोग और तकनीकी जागरूकता जैसे विषयों पर भी उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग को लेकर जागरूकता फैलाने तथा किसानों को बाजार से सीधे जोड़ने जैसे विषयों पर भी उनकी पहल की चर्चा होती रहती है। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भागीदारी उन्हें क्षेत्र में एक अलग पहचान प्रदान कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपनी मेहनत, व्यवहार और जनसंपर्क के दम पर धर्म प्रकाश शुक्ला ने कम समय में प्रयागराज से लेकर मुंबई तक अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

# कत्ल के जुर्म में पांच कातिल गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

## 19 मई को हुई मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हो गई थी मौत




**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** कोरांव पुलिस ने रविवार को एक हत्या के मामले में वांछित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह गिरफ्तारी कोरांव थाना क्षेत्र के पचेड़ा नहर के पास से हुई। यह घटना 19 मई को कोरांव थाना क्षेत्र के बैदवार गांव में स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई थी। कोरांव बाजार से घर लौटते समय विद्याकांत शुक्ला और अर्जुन मिश्रा पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया गया था। हमले में अर्जुन मिश्रा बेहोश होकर गिर पड़े थे, जिन्हें उपचार के लिए प्रयागराज रेफर किया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

इसके बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सेमरी बाघराय पूरा महादेव, थाना कोरांव निवासी पीएम दुबे उर्फ ऋतिक उर्फ भुवनेश्वर द्विवेदी पुत्र लवलेश्वरधर द्विवेदी और लवलेश्वरधर द्विवेदी उर्फ बब्बू द्विवेदी पुत्र प्रेमशंकर द्विवेदी शामिल हैं। इनके साथ ही बैदवार, थाना कोरांव निवासी शिवेंद्र द्विवेदी उर्फ छोटकउ पुत्र प्रभा शंकर द्विवेदी, प्रांजल द्विवेदी पुत्र राजकुमार द्विवेदी और एक नाबालिग चालक भी गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार, उपनिरीक्षक सेवालाल, उप निरीक्षक गुलाब सिंह, उपनिरीक्षक पूर्णिमा, कांस्टेबल बृजेश यादव, कांस्टेबल अमित कुमार और महिला कांस्टेबल प्रीति बाला शामिल रहे।

# जिला कबड्डी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का चुनावी बैठक संपन्न

## बैठक में बालक दास सरोज अध्यक्ष, कमलेश कुमार पांडेय सचिव एवं मो अनीस को कोषाध्यक्ष की सौंपी गई कमान

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** जिला कबड्डी एसोसिएशन प्रयागराज के साधारण सभा की विशेष बैठक (चुनावी मीटिंग) पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार स्थानीय एसोसिएशन कार्यालय कठौली मेजारोड में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें आगामी 4 वर्षों तक के लिए पदाधिकारियों का चुनाव सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव में उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा नामित पर्यवेक्षक हुबलाल (सचिव मिजार्पुर कबड्डी संघ) एवं जिला ओलंपिक एसोसिएशन प्रयागराज की ओर से महासचिव आरपी शुक्ला चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहें। जिला कबड्डी संघ प्रयागराज के पूर्व सचिव पीके पांडेय ने चुनाव कार्यक्रम में उपस्थित पर्यवेक्षक एवं सभी अथितियों का बुकें, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनन्दन किया।बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों ने कबड्डी संघ के पूर्व जिला सचिव पीके पांडेय एडवोकेट को एसोसिएशन का चेयरमैन मनोनीत किया। बैठक में जिला कबड्डी एसोसिएशन प्रयागराज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पद पर बालक दास सरोज, सचिव के पद पर कमलेश कुमार पांडेय तथा कोषाध्यक्ष पद पर मो.अनीस को सर्वसम्मति से चुना गया। इसी प्रकार जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर डॉ.सुधा सिंह व जय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव के पद पर रविन्द्र कुमार सिंह व सर्वेश यादव तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजलेश कुमार, ईश्वरजीत, संतोष कुमार (बबलू), रुद्रेश कुमार, सुरेखा शर्मा व मुकेश शुक्ला को मनोनीत किया गया। अंत में एसोसिएशन के पूर्व जिला सचिव एवं चेयरमैन पीके पांडेय ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद के कई क्लबो के खिलाड़ी व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भ समापन की मिली अनुमति, प्रयागराज जिला न्यायालय का अहम फैसला

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय ने 16 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को गर्भ समापन की अनुमति दी है। अदालत ने कहा कि किशोरी को अपने शरीर और प्रजनन संबंधी मामलों में निर्णय लेने का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रदत्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार का अभिन्न अंग है।

न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक पाक्सो सविता पाठक ने मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अनुसार पीड़िता लगभग सात सप्ताह की गर्भवती थी। जिला महिला चिकित्सालय के रेडियोलाजी एवं अल्ट्रासाउंड विभाग द्वारा 19 मार्च 2026 को किए गए अल्ट्रासाउंड परीक्षण में जुड़वा (ट्विन) गर्भ की पुष्टि हुई थी। रिपोर्ट में दोनों भ्रूण जीवित पाए गए।

मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू कनौजिया ने कहा कि किसी महिला का अपने शरीर के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार, विशेष रूप से प्रजनन संबंधी मामलों में, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित है। अदालत ने कहा कि नाबालिगों और अवांछित गर्भावस्था के मामलों में इस अधिकार पर अनुचित प्रतिबंध नहीं लगाए जा सकते, अन्यथा यह अधिकार निरर्थक हो जाएगा। जिला न्यायालय ने इस मामले में कहा कि पीड़िता के परिवारवालों ने गर्भ की जानकारी विवेचक को नौ मई 2026 को ही दे दी थी। इसके बाद भी उनकी ओर से गर्भ समापन को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# एनएक्टिवेट एचएलबी को कराया गया एक्टिव



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय एवं अपर जिला अधिकारी प्रतापगढ़ आदित्य प्रजापति के निर्देशन में तहसील सदर में इनएक्टिवेट एचएलबी प्रकरणों का तत्काल एक्टिवेट करा कर फील्ड में भेजा गया। तहसीलदार सदर अनिल कुमार ने आज तहसील सभागार में ऐसे प्रगणक को चिन्हित किया जिनकी एचएलबी एप एक्टिवेट नहीं थी उन्हें तहसील में बुलाकर उनके एचएलबी ऐप को एक्टिव करा कर तत्काल फील्ड में भेजा गया और उन्होंने कहा की फील्ड में जाकर पूरे ईमानदारी एवं कार्य कुशलता से भवन गणना का कार्य संपन्न करे इसमें किसी प्रकार की शिथिलता लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार, संदीप कुमार तत्काल एचएलबी ऐप को लॉगिन कराया और उनके जो भी कठिनाइयां थी उसका समाधान करने में अपना सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से कानूनगो आर के, प्रियंका, कमल, अनिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# जेसीबी से मकान ढहाने के तीन आरोपी गिरफ्तार, जेसीबी सीज

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर दिशिनी गांव में भूमि विवाद को लेकर शनिवार रात हुए बवाल के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत 16 नामजद और 80 से 90 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव निवासी अरविंद कुमार मिश्र पुत्र स्व. चंद्रशेखर मिश्र ने आरोप लगाया है कि शनिवार रात करीब आठ बजे ग्राम प्रधान इंद्रधर दुबे अपने समर्थकों के साथ उनकी दुकान पर पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर लाठी-डंडों, पत्थरों और धारदार हथियारों से हमला किया गया। आरोप है कि हमलावरों ने दुकान और मकान में तोड़फोड़ की तथा जेसीबी मशीन से निर्माण ध्वस्त करने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सत्यम दुबे, शशिधर दुबे उर्फ भोला, अजय मिश्र, रवि मिश्र, मनीष मिश्र, गौरव दुबे, दीपक पटेल, मोहित दुबे, बच्चा, दीपक, जवाहर गुप्ता, बाबू यादव, ग्राम प्रधान इंद्रधर दुबे, राकेश हरिजन, ठनके वर्मा सहित 16 नामजद तथा 80-90 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले में नामजद आरोपी सत्यम दुबे, शशिधर दुबे उर्फ भोला और मनीष मिश्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त जेसीबी को सीज किया है, और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# न्यूज झरोखा

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे युवकों को दी चेतावनी

**पट्टी।** कस्बे स्थित सीएचसी परिसर में शराब पी रहे दो युवकों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात गार्ड ने पकड़ लिया। गार्ड की नजर पड़ने पर दोनों युवकों से पूछ-ताछ की गई। पूछ-ताछ में युवकों ने अपना नाम राजेंद्र कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार बताया। दोनों पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चरैया गांव के निवासी हैं। सुरक्षा गार्ड ने दोनों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने को लेकर कड़ी फटकार लगाई और भविष्य में ऐसी हरकत न करने की हिदायत दी।गार्ड ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा इस तरह की गतिविधि करते हुए पाए गए तो तत्काल पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। चेतावनी के बाद दोनों युवक वहां से चले गए।

## जानलेवा धमकी पर दो पर केस

**कुंडा।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर खास गांव निवासी एडवोकेट हरकेश बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उनके पास एक ट्रक था जिसे मानधाता निवासी विनय सिंह के हाथ शर्तों के साथ विक्रय किया। जिसमें दो लाख रुपये नकद देने के साथ गाड़ी पर बैंक ऋण की किस्त हर महीने ईएमआई, रोड टैक्स का भुगतान कर ऋण चुकता करेगा। गाड़ी अपने नाम ट्रांसफर करने के बाद न तो बैंक की एक भी किस्त दी, ना ही रोड टैक्स जमा किया। पूछने पर कहा कि केन नदी से मोरंग की ढुलाई कर रहा है। 29 मार्च को बांदा केन नदी पर ट्रक का पता लगाने पहुंचा तो वहां कोई नहीं मिला।फोन करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने और जानलेवा धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विनय सिंह निवासी ढेमां मानधाता, लकी सिंह निवासी दीघ बिंदकी फतेहपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़क हादसों में मां-बेटे समेत सात लोग घायल

**कुंडा।** कोतवाली क्षेत्र के लाला का पुरवा जमेठी गांव निवासी लल्लू पाल का 29 वर्षीय बेटा धर्मेन्द्र कुमार पाल अपनी 56 वर्षीय मां मीना पाल को बाइक से लेकर रविवार को किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह हाईवे पर पहुंचा अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पर गिर कर मां-बेटे दोनों घायल हो गए। अन्य हादसों में महेशगंज थाना क्षेत्र के रायअसकरनपुर गांव निवासी मुनीष कुमार, खेमीपुर गांव निवासी राम हर्ष की पत्नी शांति देवी, नगर निवासी 40 वर्षीय शिवराम, नया का पुरवा सुजौली गांव निवासी सन्तलाल की पत्नी कलावती, मदरियापुर गांव निवासी राजेश की पत्नी रुपा देवी घायल हो गईं।आसपास के लोगों ने एंबलेंस बुलाकर घायलों को सीएचसी भेजा।

## मारपीट की घटना में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज।** दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में पुलिस की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी संतोष कुमार यादव व संजय कुमार बीती तीस मई को गश्त पर निकले थे। कोतवाली के पूरे तिलकराम ताजपुर में सुबह सवा आठ बजे मवेशी के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की ग्रामीणों ने जानकारी दी। जांच के उपरान्त आरक्षी की तहरीर पर एक पक्ष के हरिकेश वर्मा पुत्र छोटे लाल, उषा देवी पत्नी हरिकेश तथा दूसरे पक्ष के अतीत वर्मा पुत्र अन्नत कुमार व कुसुम देवी पत्नी अन्नत कुमार, रोहित उर्फ अजय कुमार पुत्र अशोक वर्मा व राजकुमारी पत्नी अशोक के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज व धमकी को लेकर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसएसआई अरूण कुमार सिंह का कहना है जांचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद में हुई मारपीट को लेकर हल्का सिपाही की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने दर्जन भर से अधिक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली में तैनात आरक्षी राहुल यादव ने दी गयी तहरीर में कहा है कि सत्ताईस मई को वह प्रार्थना पत्रों की जांच के लिए गश्त पर निकला था। इस बीच सूचना मिली कि रास्ते के विवाद को लेकर खालसा सादात गांव में दो पक्षों के बीच गाली गलौज के साथ मारपीट हुई है। जांच में आरोपी एक पक्ष के सैयद जुबैर पुत्र इश्तियाक अली, सुहैल पुत्र इश्तियाक, महमूद पुत्र अब्दुल हसन एवं तीन चार अज्ञात व दूसरे पक्ष के रज्जाक अली पुत्र बचई, आजाद पुत्र बचई, जैबुन निशा पत्नी रज्जाक, आरिफ उर्फ मोहर्रम पुत्र मुंशी रजा तथा तीन चार अज्ञात गाली गलौज के साथ मारपीट कर रहे हैं। आरक्षी के मुताबिक हमले में एक पक्ष के सैयद जुबैर, लड्डन व दूसरे पक्ष के रज्जाक को चोटे आयीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## शिक्षित समाज की महत्वतता पर हुई संगोष्ठी

**लालगंज।** रानीगंज कैथौला के समीप मधुकरपुर गांव में रविवार को शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में आयोजको द्वारा नौनिहालों को निशुल्क कापी, पेंसिल एवं खाद्य सामाग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी अनिल कुमार शुक्ल ने कहा कि मुफ्त शिक्षा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के नौनिहालों को पठन पाठन का बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में अधिवक्ता बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू तथा मिथिलेश जायसवाल व कमलेश सिंह ने शिक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। संचालन मेवालाल वर्मा ने किया। इस मौके पर श्याम लाल, हरिलाल, सुन्दर लाल, तुलसीराम, बिन्दू शर्मा, सीमा सरोज आदि रहे।

## भगवान शिव का स्मरण हैं सुमंगलदायी : शिवाकांत द्विवेदी

**प्रतापगढ़।** पुरूषोत्तम माह को लेकर गौखाड़ी डगरारा स्थित बूढ़ेश्वर महादेव धाम में हो रहे श्री शिवशक्ति नारायण महायज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं का समागम दिखा। कथाव्यास पं. शिवाकान्त द्विवेदी ने श्री शिव महापुराण कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भगवान शिव का नाम स्मरण जीवन का भाग्य संवार दिया करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना सदैव निर्मल मन से ही करना चाहिए। वहीं कथाव्यास पं. मृत्युंजय द्विवेदी ने बताया कि भगवान शिव सर्वकल्याणकारी हैं। संयोजक धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। वहीं कथा के पूर्व हुए यज्ञ में श्रद्धालुओं ने लोकमंगल की प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, कप्तान सिंह, कमलाकांत पाण्डेय, विद्याधर ओझा, शिवबहादुर सिंह, जीतलाल गुप्ता, आलोक सिंह आदि रहे।

## अपहरण का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मुकदमें में फरार आरोपी को हिरासत मे लेकर पीड़िता एवं नवजात शिशु को सकुशल बरामद करने में सफलता ली है। लालगंज कोतवाली के दरोगा मिथलेश चैरसिया ने मुखबिरी सूचना पर कोतवाली में अपहरण के मुकदमें में वांछित आरोपी को कोतवाली देहात के मझिलहा ढ़ेकहाई निवासी आरोपी विश्वनाथ सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह को गुरूवार को रोडवेज स्टेशन के समीप से हिरासत मे ले लिया। पुलिस टीम ने अपहृता तथा नवजात शिशु को भी सकुशल बरामद किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** बाजार से घर लौट रहे बाइक सवार को डंपर ने सामने से टक्कर मार कर भागने के चक्कर में कुचल दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। इलाज को सीएचसी ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की खबर मिलते ही उसकी बीमार पत्नी बिलख पड़ी। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के रुप का पुरवा रानीमऊ गांव निवासी राम लखन गौतम का 45 वर्षीय बेटा नन्हेंलाल गौतम रविवार को करीब पौने दो बजे रेवली बाजार गया था। बाजार से बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह कालाकांकर-लालगंज अझारा रोड पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू के सामने पहुंचा।सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारते हुए कुचल दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी ले गई, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की सूचना मिलते ही पत्नी मीना देवी बिलख पड़ी। बता दें कि मीना देवी वर्षों से बीमार चल रही हैं। नन्हें गौतम ही भोजन बनाता, खिलाता और सफाई करता था। निरीक्षक पंकज राय ने कहा कि डंपर कब्जे में है, मृतक का शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# मौसम में बदलाव से बढ़ी सांस की समस्याएं, दो युवतियां अस्पताल में भर्ती

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र में मौसम में अचानक बदलाव के चलते लोगों में सांस संबंधी बीमारियों की शिकायत बढ़ने लगी है। रविवार को सांस लेने में दिक्कत होने पर दो युवतियों को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दशरथपुर गांव निवासी ओमप्रकाश की 21 वर्षीय पुत्री नेहा को दोपहर में अचानक सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है।इसी प्रकार सरसतपुर रामनगर निवासी संजय की पुत्री सुहानी को भी सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि इन दिनों मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है, जिसके कारण लोग सांस और एलर्जी संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। दोनों मरीजों का सीएचसी में उपचार किया जा रहा है।

# आबादी की जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के मकरा मनभवना गांव में आबादी की भूमि पर मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव में आबादी के हिस्से में मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लोग एकत्र हो गए और जमकर हाथापाई होने लगी। घटना के दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमला करते और धक्का-मुक्की करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है। पुलिस वीडियो की सत्यता और घटना के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही विवाद में शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। मामले में तहरीर प्राप्त हुई है और उसके आधार पर जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# लाखों की लागत का हेल्थ एटीएम बना शोपीस, वर्षों से है बंद

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** कस्बे में स्थित सेठ पन्नालाल संयुक्त चिकित्सालय परिसर में स्थापित हेल्थ एटीएम वर्षों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे आम लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इस हेल्थ एटीएम के बंद रहने से लोगों में नाराजगी है।स्थानीय नागरिक सुरेंद्र पांडेय, चंदन सिंह, मोनू सिंह, बबलू राम और सुमेर सहित अन्य लोगों ने बताया कि हेल्थ एटीएम लगने के बाद से ही अधिकांश समय बंद पड़ा है। उनका कहना है कि मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य जांच की सुविधा देने के लिए लगाया गया यह उपकरण अब केवल शोपीस बनकर रह गया है।लोगों ने मांग की है कि हेल्थ एटीएम को जल्द से जल्द चालू कराया जाए ताकि मरीजों और आम नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक रामप्रताप भारती ने बताया कि हेल्थ एटीएम की खराबी और संचालन संबंधी समस्या के बारे में संबंधित अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है। अधिकारियों के स्तर से कार्रवाई होने के बाद इसे पुनः संचालित कराया जाएगा।

# दिव्यांग के साथ मारपीट को लेकर आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** रंजिशन दिव्यांग के साथ गाली गलौज व मारपीट को लेकर लालगंज पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के शीतलागंज इदिलपुर निवासी रफीक पुत्र अब्दुल रऊक ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उन्तीस मई को रात आठ बजे वह बाजार से घर पहुंचा। परिवारजनों ने बताया कि गांव के विपक्षी कल्लू उर्फ इद्रीश, खलील पुत्र इसहार, अशरफ व अफजल पुत्रगण इद्रीस तथा शमीम व अफसर द्वारा गाली गलौज की गयी। इस बीच आरोपियों ने पीड़ित को भी धक्का मारकर गिरा दिया और गाली गलौज के साथ लाठी डंडे से मारने लगे। पीड़ित के दिव्यांग होने के कारण उसकी चीख पुकार पर बीच बचाव के लिए सलीम पुत्र नईम व अख्तरी बानों पुत्री नईम आईं तो आरोपियों द्वारा उनके साथ भी मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कल्लू समेत आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# भूमिधरी जमीन पर कब्जे को लेकर धारदार हथियार से हमला, एक गंभीर रूप से घायल

**कुंडा।** थाना बाघराय क्षेत्र में भूमिधरी जमीन पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने विरोध करने पहुंचे युवक पर कुल्हाड़ी और फरसा से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है और पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सराय भाव निवासी सुमित कुमार मिश्रा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उनकी लगभग तीन बीघा भूमिधरी जमीन गांव से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित है। आरोप है कि पड़ोसी राममूरत पटेल अपनी जमीन पर निर्माण कराने के बजाय उनकी भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे थे। जब सुमित के छोटे भाई शैलेंद्र कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का विरोध करने लगे तो विवाद बढ़ गया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि राममूरत पटेल, शिवमंगल पटेल, अंकित पटेल, अभिमंगल पटेल, पूनम पटेल और नेहा पटेल सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में शैलेंद्र मिश्रा के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। इतना ही नहीं, आरोप है कि हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना शनिवार शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। घायल को उपचार के लिए भेजा गया, जबकि परिवार में भय और आक्रोश का माहौल है।पीड़ित सुमित मिश्रा ने थाना बाघराय में तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तथा कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# जेब से मोबाइल निकालते पकड़ा गया, पुलिस कर रही पूछताछ

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार में रविवार शाम सब्जी खरीदारी के दौरान लोगों की जेब से मोबाइल निकालने के आरोप में एक नाबालिग किशोर को बाजारवासियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद बाजार में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

जानकारी के अनुसार, उड़ैयाडीह निवासी सूबेदार सिंह सब्जी खरीद रहे थे। इसी दौरान एक किशोर उनके पास पहुंचा और कथित रूप से जेब से मोबाइल निकालने का प्रयास करने लगा। सूबेदार सिंह को संदेह होने पर उन्होंने किशोर को पकड़ लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई।इसी बीच कंधई थाना क्षेत्र के लौवार गांव निवासी संतोष सिंह तथा सुरेश खरें भी गोलापुर-उड़ैयाडीह बाजार में सब्जी खरीदने आए थे। दोनों का आरोप है कि रविवार शाम उनका मोबाइल फोन गायब हो गए। पीड़ितों ने मामले में कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। चैकी प्रभारी कमलेश कुमार यादव ने बताया कि बाजार के लोगों द्वारा एक किशोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही दो लोगों के मोबाइल गायब होने की सूचना मिली है, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पूरे भैया में राहगीरों को पिलाया शरबत



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इलाके में पूरे भैया शुक्लान में भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत देने के लिए शरबत वितरण का आयोजन किया गया। जहाँ लोगों को मीठा शरबत पिलाया गया।

रविवार सुबह गांव के आपसी सहयोग से यह शरबत वितरण अभियान शुरू हुआ। दिनभर राहगीरों, यात्रियों और आमजन को शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। इस अवसर पर बद्री विशाल शुक्ल, वैभव शुक्ल, शिवम तिवारी, कृष्णा, अच्छेलाल, आशीष, यशस्वी, सौम्य, देव नारायण शुक्ल, युवराज, केसरी नन्दन, मिट्ठू लाल और प्रमोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# करंट की चपेट में मासूम की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गयी। मासूम की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना के रानीगंज अजगरा बाजार में रविवार की सुबह मोहम्मद रफीक की छह वर्षीय पुत्री अरीबा घर में कूलर के पास खेल रही थी। अचानक वह कूलर के जरिये करंट की चपेट में आ गयी। मासूम की चीख पर परिजन उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें मृतका का पिता रकीब रोजी रोटी के सिलसिले में परिवार सहित पूना में रहता था। पिछले एक माह से वह यहां घर आया हुआ था।

# विवाहिता को जिंदा जलाने के प्रयास का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर गांव की निवासी पूनम पत्नी कन्हैयालाल ने रविवार दोपहर पुलिस को शिकायती पत्र देकर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि शनिवार शाम करीब सात बजे उसे कमरे में बंद कर हाथ-पैर बांध दिए गए और लाठी-डंडों तथा जूतों से बेरहमी से पीटा गया। विवाहिता का आरोप है कि उसकी सास ने मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और सूचना पर डायल 112 पुलिस भी आ गई, जिससे उसकी जान बच सकी।पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के बाद उसे और उसकी मासूम बेटी को घर से निकाल दिया गया तथा कमरे में ताला बंद कर दिया गया। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने दूसरी महिला को पत्नी के रूप में घर में रखा हुआ है। शिकायत करने पर उसके गहने भी छीन लिए गए।मामले में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक से मारपीट में तीन पर केस

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के छोटी बहरिया गांव निवासी नवनीत कुमार का 34 वर्षीय बेटा विकास कुमार शनिवार शाम करीब पांच बजे कचहरी से घर लौटा तो उसके खेत में कुछ लोग पन्नी बांध रहे थे। विकास ने विरोध किया तो आरोपी गालियां देते हुए उसे पीटने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित विकास कुमार की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही गणेश कुमार, मुकुल पांडेय, अमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# घरेलु विवाद से आहत होकर आत्म हत्या के लिए पहुंची वृद्ध महिला

## डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने बचाई जान

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पुलिस कर्मियों की मानवीयता की मिसाल का एक मामला सामने आया है जहा घरेलु विवाद से आहत होकर आत्महत्या के लिए पहुंची एक वृद्ध महिला की डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने जान बचाई है और उक्त वृद्ध महिला को समझाया बुझाया और परिजनों को बुलाकर सौंप दिया है,यही नहीं परिजनों को सख्त हिदायत भी दी गई कि यदि वृद्ध महिला को कोई समस्या होती है तो उसके जिम्मेदार वही होंगे।परिजनों ने पुलिसकर्मियों को आश्वस्त किया कि वह उनकी सेवा करेंगे और उन्हें नाराज नहीं करेंगे।मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा का है जहा क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान डायल 112 की ढफ्र 6782 मे तैनात हेड कांस्टेबल शारधा प्रसाद व कांस्टेबल दीपक यादव ने अम्बर ढाबा के पास हाईवे से करीब 50 मीटर अंदर एक वृद्ध महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में बैठे देखा,पुलिसकर्मियों ने तत्काल महिला से बातचीत की तो पता चला कि घरेलू विवाद के चलते वह आत्महत्या करने के इरादे से घर छोड़कर आई थीं। पीआरवी टीम ने महिला को समझाया-बुझाया और पूछताछ में महिला ने अपना नाम चमेली देवी उम्र 70 वर्ष पत्नी स्वगीय अयोध्या प्रसाद,निवासी अझुवा बताया।पुलिस ने इसकी जानकारी उनके परिजनों को दी,सूचना मिलने पर उनका पुत्र दिलीप केशरवानी मौके पर पहुंचा। उसने बताया कि उसकी मां दोपहर करीब 12 बजे से घर से लापता थीं और परिवारजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे।पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता के चलते वृद्ध महिला सकुशल अपने बेटे के साथ घर लौट गईं पुलिसकर्मियों ने परिजनों को सख्त हिदायत भी दी कि यदि वृद्ध महिला को कोई समस्या होती है तो उसके जिम्मेदार वही होंगे। परिजनों ने पुलिसकर्मियों को आश्वस्त किया कि वह उनकी सेवा करेंगे और उन्हें नाराज नहीं करेंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो दिन पहले जला ट्रांसफार्मर नही हुआ ठीक

**करारी कौशांबी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बांधुरी रसूलीपुर गांव के सरकारी ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर 2 दिन पहले आकाशीय बिजली गिरने से जल गया था जिससे सरकारी नलकूप से पानी की सिंचाई बंद हो गई है दो दिन बीत जाने के बाद अभी तक बिजली विभाग ने जले ट्रांसफार्मर को बदलकर नया नहीं लगाया है जिससे गमी के दिनों में सब्जी व अन्य फसलों की खेती करने वाले किसानों के सामने समस्या खड़ी है ग्रामीणों ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की है।

# लाखों का सामान उठा ले गए चोर मौके पर छूट गई बाइक

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल चाकवान चौराहा निवासी लव कुश पुत्र सुंदर लाल के घर रविवार की भोर 4:00 बजे घुसे चोरों ने उसके घर से 8 ग्राम सोने का मंगलसूत्र चांदी की चैन पट्टी एक मोबाइल और 22000 रुपए नगद सहित कपड़े वा अन्य सामान उठा ले गए हैं चोरी के दौरान खटपट की आवाज होने से परिवार के लोग जाग गए हैं उन्होंने हो हल्ला मचाया जानकारी मिलते ही परिवार और आसपास के लोगों ने चोरों को खदेड़ा जिस पर भीड़ बढ़ती देख कर अपनी बाइक छोड़कर चोर फरार हो गए हैं घटनास्थल से कुछ दूरी पर चोरों की बाइक नंबर यूपी 70 सी पी 7874 बरामद हुई है परिवार के लोगों ने बताया कि सोने चांदी के जेवर नगद रुपए मोबाइल कपड़ा सहित डेढ़ लाख रुपए से अधिक का सामान चोर उठा ले गए हैं पीड़ित परिवार द्वारा मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके में पहुंची पुलिस ने चोर की बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया



है खबर लिखे जाने तक चोर की गिरफ्तारी नहीं हुई गायब हुआ सामान नहीं बरामद हुआ है।

# पुलिस लाइन कौशांबी में पुलिस परिवार के बच्चों हेतु बुक फेयर समर कैंप एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

## समर कैंप का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** पुलिस लाइन कौशांबी में वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष शोभा वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन कक्ष में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए बुक फेयर का आयोजन किया गया।बुक फेयर में बच्चों को रियायती दरों पर ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं,जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, कहानी, उपन्यास एवं अन्य शिक्षाप्रद पुस्तकें शामिल रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पठन-पाठन के प्रति रुचि विकसित करना एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करना रहा।इसी क्रम में दिनांक 16. 05. 2026 से पुलिस लाइन में संचालित समर कैंप के अंतर्गत बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम वर्क की भावना विकसित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान बच्चों एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा, योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही उनके रचनात्मक कौशल के विकास के लिए कलश पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण तथा पेंटिंग एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया ।समर कैंप के समापन अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष द्वारा पुस्तकें वितरित की गईं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों की सराहना की गई तथा उन्हें निरंतर अध्ययन,रचनात्मक गतिविधियों एवं खेलकूद में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर प्रभारी वेलफेयर शाखा रतन सिंह सहित अन्य अधिकारी कमर्चारी एवं पुलिस परिवारजन उपस्थित रहे।



## मूरतगंज चौकी प्रभारी कालिका प्रताप सिंह ने मूरतगंज बाजार में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**हररायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी प्रभारी कालिका प्रताप सिंह ने रविवार को मूरतगंज चौराहे पर पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया इस दौरान तमाम अतिक्रमण को हटा करके आवा गमन सुचारू चलाने का प्रयास किया गया है सड़क पर वाहन खड़े करने वाले ऑटो रिक्शा चालकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि सड़कों पर वाहनों को खड़ा ना करें वरना कठोर कार्रवाई की जाएगी दुकानदारों को निर्देशित किया है कि सड़क पर किसी भी कीमत पर दुकान न लगाये उन्होंने कहा कि सड़क पर दुकान लगाने से आवागमन बाधित होता है दुर्घटनाएं बढ़ती हैं आम जनता परेशान होती है दुकान सड़क की पटरी से बाहर न लागये उन्होंने कहा कि सड़क और पटरी पर किसी ने भी अतिक्रमण किया तो उस पर भी कठोर कार्रवाई होगी

# कौशाम्बी में बसपा का शक्ति प्रदर्शन, मिशन-2027 के लिए फूंका चुनावी बिगुल




**कौशाम्बी** जिले की राजनीति में आज पारा चढ़ा हुआ है! करारी के शहनाई गेस्ट हाउस में बहुजन समाज पाटी की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई मिशन-2027 और बूथ स्तर पर पाटी को अभेद्य किला बनाने के संकल्प के साथ बसपा ने रविवार को कौशाम्बी में अपनी ताकत का अहसास करा दिया है।इस बैठक में प्रयागराज मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी डॉ.मदनराम और सतीश जाटव का भव्य स्वागत किया गया। मंच पर चिंतामणि वर्मा,राम नरेश गौतम,जिलाध्यक्ष शैलेंद्र गौतम समेत पाटी के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अजय मिश्रा ने किया।बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु सेक्टर और बूथ कमेटियों का गठन रहा। मंच से स्पष्ट निर्देश दिए गए कि हर हाल में जमीनी स्तर पर पाटी को मजबूत करना है। इस दौरान पंकज पासी,बंसी लाल चौधरी,उवैद अंसारी और शिवचंद सरोज समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और आगामी पंचायती चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भारी संख्या में मौजूद रहे। बसपा का संदेश साफ है कि हर सेक्टर,हर बूथ पर तैयारी पूरी है। कौशाम्बी की राजनीति का यह 'ब्लू प्रिंट'अब विपक्षी दलों की नींद उड़ाने के लिए काफी है।

# अहिल्याबाई होलकर एक अद्वितीय शासिका थीं : गौरव पाण्डेय

## अपनी जनहितेषी और कल्याणकारी नीतियों, दृष्टिकोण और सुशासन के माध्यम से भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर रविवार को जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में लोकमाता अहिल्या बाई होलकर जी की जयंती मनाई गई इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने उनके बारे में बताया कि मंदिरों का जीर्णोद्धार उनके द्वारा किया गया था उन्होंने भारत भर के तीर्थस्थलों पर हज़ारों मंदिरों,घाटों और धमर्शालाओं का निर्माण और पुनर्निर्माण करवाया। इनमें सबसे प्रमुख 1780 में औरंगजेब द्वारा नष्ट किए गए काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी) का पुनर्निर्माण है। इसके अलावा सोमनाथ, गया, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और द्वारका में भी उन्होंने निर्माण कार्य करवाए। इसके बाद उन्होंने अपने राज्य में व्यापार,कृषि और उद्योग को बढ़ावा दिया। उन्होंने निधनों, विधवाओं और बेसहारा लोगों के लिए हमेशा अपने राजकोष के द्वार खुले रखे। लेकिन विगत दिनों भाजपा सरकार ने काशी में बनारस (वाराणसी) में मणिकर्णिका घाट के जीर्णोद्धार और विकास कार्य के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा और चबूतरे को क्षति पहुंचाई और उस हकीकत को जनता से छुपाया यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी बनारस से सांसद है और उनके ही राज में उन्हीं की सरकार इस तरीके का कृत्य कर रही है आम जनता अब इनके बहकावे में नहीं आएगी वह सबकुछ देख रही है कि किस तरह से उन्हें भ्रमित कर भाजपा अपना काम निकाल रही है भाजपा को इसका जवाब आने वाले चुनावों में जनता देगी।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला रामसूरत रैदास,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला, श्याम सिंह भदौरिया,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, रमेश यादव, राकेश पाल, लल्लन पाल, उमेश पाल, रंजीत पाल, राजेंद्र पाल, अशफी लाल, गोलू कुमार, बलजीत कुमार, आलोक त्रिपाठी, प्रियांशु त्रिपाठी, कपिल पाण्डेय, अवधेश कुमार, इंद्रपाल रैदास, प्रदीप गौतम, नथन लाल, रजनीश कुमार, सौरभ कुमार, साहिल गौतम, पुनि लाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी, बड़का रैदास, राम जी सेन सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## धर्मा देवी इंटर कॉलेज के टॉपर छात्र को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

**कौशांबी** धर्मा देवी इंटर कॉलेज के टॉपर छात्र को मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री के कार्यालय से बुलावा आने के बाद टॉपर छात्र को लेकर के विद्यालय के शिक्षक रविवार को लखनऊ रवाना हो गए हैं दिनांक 01जून 2026 लखनऊ के लोकभवन में आयोजित हाई स्कूल व इण्टर बोर्ड परीक्षा 2026 प्रदेश टॉप टेन मेधावी विद्याथी सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जहां टॉपर छात्र सम्मानित किए जाएंगे कौशांबी जनपद के धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के हाई स्कूल छात्र साक्षी मिश्रा ने प्रदेश में छठां स्थान प्राप्त किया है प्रदेश में टॉप स्थान हासिल करने वाली छात्रा साक्षी मिश्रा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक लाख रुपए,टेबलेट पी सी,प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा यह सम्मान सम्पूर्ण कौशांबी जनपद का सम्मान है छात्रा के सम्मानित होने की खबर पाकर उनके परिजन विद्यालय परिवार एवं शिक्षा विभाग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामकिरण त्रिपाठी ने बताया कि राज्य सरकार का यह कदम अत्यंत सराहनीय प्रशंसनीय है इससे बच्चों से अन्दर नई ऊर्जा का संचार होता हैं और प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है

## न्यूज झरोखा

### हृदय गति रुकने से पत्रकार का हुआ निधन



कोखराज कौशाम्बी नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 8 मौलवी लियाकत अली नगर असादुल्लाह पुर रोही निवासी पत्रकार अहमद मुस्तफा पुत्र इजहार अहमद का रविवार को हृदय गति रुकने से इंतकाल हो गया है जिनकी मिट्टी सोमवार सुबह 9:00 बजे उनके पैतृक गांव रोही के कब्रिस्तान में होगी पत्रकारों ने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को अपूणीय क्षति को बर्दाश्त करने की हिम्मत दे सरल स्वभाव मिलन सार पत्रकार के अचानक निधन से पत्रकारों व चाहनेवालों में दुःखद खबर से अफसोस ब्यात हैं।

### बिजली करंट से दिव्यांग की झुलसकर मौत



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव निवासी गोला प्रसाद घर पर अकेले रहकर गुजर बसर करता था। शनिवार की शाम लगभग 8:00 बजे मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली बोर्ड पर चार्ज लगा रहा था,इसी दौरान बिजली बोर्ड उखड़ कर दिव्यांग के सीने पर गिर गया,बिजली की नंगी तार होने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया, इससे उसकी मौके पर मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 4 दिन बाद भी नहीं बहाल हुई बिजली बूंद बूंद पानी के लिए तरसे ग्रामीण

#### अंधेरे में गुजर रही रातें बच्चों की पढ़ाई ठप, मच्छरों के आतंक से बढ़ी परेशानी

**महेवाघाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा उपखंड के महेवाघाट फीडर से अलवारा और लगभग 30 से 35 गांवों की विद्युत आपूर्ति की जाती है ।चार दिन पहले आई तेज आंधी और बारिश के कारण कुछ विद्युत पोल और इंसुलेटर टूट गई थी जिसके बाद से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। करीब 4 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक बिजली बहाल नहीं हो सकी है,जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी पढ़ाई करने वाले बच्चों को हो रही है,जिनकी पढ़ाई अंधेरे के कारण प्रभावित हो रही है। रात के समय पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है,जिससे मच्छरों का आतंक भी बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग से शिकायत की गई,लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हैं।विद्युत विभाग के जिम्मेदारो से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग ग्रामीणों ने की है।



## पुलिस कार्यालय से सेवानिवृत्त पुलिस कमियों की सम्मानपूर्ण विदाई

**कौशांबी** जिले में पुलिस कार्यालय में उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी दीघर्कालिक, निष्ठापूर्ण एवं अनुकरणीय सेवाएँ प्रदान कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों के सम्मान में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन रविवार को किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह द्वारा की गई इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके द्वारा विभाग को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की गई । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है,जो वर्षों की मेहनत,कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन का प्रतीक है उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल,स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनके अनुभवों को विभाग के लिए प्रेरणास्रोत बताया विदाई समारोह के दौरान पुलिस कार्यालय अधिकारी कमर्चारी गण एवं सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारियों कमर्चारियों के परिवारीजन उपस्थित रहे सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ अपने कायर्काल के अनुभव साझा किए एवं उनके योगदान की सराहना की गयी। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकमी में उ0नि0 ना0पु0 राज कुमार राम उ0नि0 ना0पु0 सभाजीत तिवारी आ0 ना0पु0 बैजनाथ सरोज शामिल रहे जिन्हें ससम्मानपूर्वक विदाई दी गई है

# एम.वी.कॉन्वेंट स्कूल में समर कैंप के समापन पर बच्चों को प्रमाण-पत्र दिए गए





**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के कोइलाहा पूरामुफ्ती स्थित एम. वी. कॉन्वेंट स्कूल में 15 दिन चले समर कैंप का समापन हुआ इस मौके पर बच्चों को प्रमाण-पत्र दिए गए हैं एम. वी. कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज, पूरामुफ्ती में समर कैंप 2026-27 का भव्य समापन हुआ। 15 दिन चले इस कैंप में स्केटिंग, ताइक्वांडो,डांस,आर्ट एंड क्राफ्ट, इंग्लिश कम्युनिकेशन और योग जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास किया गया। बच्चों के बेहतर भविष्य के उद्देश्य से विद्यालय परिवार द्वारा योग और इंग्लिश क्लास निःशुल्क रखी गईं,जिससे अधिक बच्चों ने भाग लिया। और समर कैंप के दौरान बच्चों ने जमकर मौज मस्ती की और अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा समापन समारोह में प्रधानाचार्या श्रीमती अनुभा शर्मा ने बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर प्रशिक्षक सुश्री प्रियंका कुमारी स्केटिंग व ताइक्वांडो वा सतेन्द्र सिंह क्रिकेट कोच वा सुश्री कृतिका अग्रवाल इंग्लिश कम्युनिकेशन वा सुश्री संजना गुप्ता डांस ट्रेनर को भी सम्मानित किया गया कैंप के सफल आयोजन में समन्वयक अश्वनी शर्मा व अंजलि कुमारी की अहम भूमिका रही। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी होते रहेंगे।

# परीक्षा पर चर्चा का झांसा

## सम्पादकीय

### अगले चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**कर्नाटक** की कांग्रेस सरकार में नए सिरे से जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। 2023 में बड़ी जीत के बाद दूसरी बार मुख्यमंत्री बने सिद्धारमैया ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले 2013 से 2018 तक सिद्धारमैया कांग्रेस सरकार में पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री थे। बताया जा रहा है कि 2023 में कांग्रेस ने यह तय कर लिया था कि राजस्थान या मध्यप्रदेश जैसी उलझन से बचने के लिए बारी-बारी से दो मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। सिद्धारमैया के बाद डी के शिवकुमार की सबसे सशक्त उम्मीदवार थे, लिहाजा अब यह कमोबेश तय है कि अब तक उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष दोनों की जिम्मेदारी संभालने वाले डीके शिवकुमार ही नए मुख्यमंत्री होंगे।

गुरुवार सुबह जब अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ सिद्धारमैया ने नाश्ते पर बैठक की और उसमें डीके शिवकुमार सिद्धारमैया को गले लगाते और उनके पैर छूते हुए भावुक हो गए, तभी यह तय हो गया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में बड़े सहज तरीके और सद्भावनापूर्ण माहौल में मुख्यमंत्री का चेहरा बदला जा रहा है। दरअसल मंगलवार को दोनों नेताओं ने दिल्ली में राहुल गांधी के साथ बैठक की थी, तभी से सुगबुगाहट थी कि कर्नाटक में कांग्रेस कोई बड़ा बदलाव करने जा रही है। कांग्रेस विरोधी मीडिया की बांछें इस पर खिली हुई थीं, क्योंकि उन्हें किसी न किसी तरह कांग्रेस के खिलाफ कोई विवाद तलाशना होता है। उनकी दुकानदारी कांग्रेस को मुश्किल में दिखाने से ही चलती है। इसलिए 2023 से ही डी के शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच दुश्मनी दिखाने वाली कई बेबुनियाद खबरें चलाई जाती रहीं। यह सच है कि कुर्सी के कारण राजनैतिक दलों में बड़े नेताओं के बीच खींचतान चलती है, इस प्रवृत्ति की शिकार अकेली कांग्रेस नहीं है। लेकिन कांग्रेस इस प्रवृत्ति के कारण मुश्किल में इसलिए पड़ जाती है, क्योंकि यहां आंतरिक लोकतंत्र है, नाराज नेताओं को बयान देने की छूट है और पार्टी आलाकमान के खिलाफ बोलकर भी बड़े पदों पर उन्हें बिठाया जाता रहा है, भले फिर पार्टी को इससे नुकसान हो। दूसरी तरफ भाजपा में नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की मर्जी के खिलाफ एक पत्ता भी नहीं हिलता है।

उनकी मर्जी हुई तो एक नहीं दो-दो बार गुजरात में मुख्यमंत्री और केबिनेट को बदल दिया। महाराष्ट्र में देवेन्द्र फड़नवीस को पहले मुख्यमंत्री बनाया फिर उपमुख्यमंत्री और अब फिर से मुख्यमंत्री बना दिया। असम, मणिपुर, त्रिपुरा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा ऐसे तमाम राज्यों में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर मोदी-शाह की पसंद ही चली और राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर राज्यों के अध्यक्ष बनाने में भी उन्हीं दोनों की मर्जी चलती है। इसलिए जब तक बन पड़ा जे पी नड्डा का अध्यक्षीय कार्यकाल बढ़ाया गया, फिर बिहार की सत्ता पर पकड़ बनानी थी, तो उन्हें हटाकर नितिन नबीन को अध्यक्ष बनाया गया। अभी गुरुवार को ही पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और त्रिपुरा की भाजपा इकाइयों के अध्यक्ष बदले गए हैं।

– **सर्वमित्रा सुरजन**

**पाठक** जानते हैं कि सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे इस बार सात सालों में सबसे खराब रहे, केवल 85.20 प्रतिशत बच्चे ही उत्तीर्ण हो पाए। और उसमें भी कई बच्चे अपने अंकों से संतुष्ट नहीं थे। खासकर उन छात्रों की चिंता बढ़ गई है, जो जेईई मेन्स में तो शानदार परसेंटाइल ले आए, लेकिन बोर्ड में 75प्रतिशत का मानदंड पार नहीं कर पाए। दरअसल इस बार ऑनस्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम प्रणाली को अपनाया गया। इसमें शिक्षकों के सामने छात्रों की हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका नहीं आई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन में अगर सत्ता की भूख के अलावा जिम्मेदारी के अहसास के लिए रत्ती भर जगह भी बची है, तो उन्हें फौरन मन की बात और परीक्षा पर चर्चा जैसे बेतुके, निरर्थक कार्यक्रम बंद कर देना चाहिए। जनता पर यह जुल्म क्यों हो कि उसे उसके ही धन का बेजा इस्तेमाल कर बेवजह प्रवचन सुनने के लिए मजबूर किया जाए। क्योंकि प्रधानमंत्री इन दोनों कार्यक्रमों में किसी संत-महात्मा की तरह उपदेश तो सुना जाते हैं, लेकिन अपने जीवन में उनका रंचमात्र भी अमल में नहीं लाते। अभी आने वाले रविवार को फिर एक मन की बात मोदी सुनाएंगे और अनुमान लगाया जा सकता है कि इस बार उनका जोर प्यासों को पानी पिलाने और बिजली का यथासंभव कम इस्तेमाल करने पर रहेगा। इस बारे में वे सोशल मीडिया पर पोस्ट तो कर ही चुके हैं। हालांकि मोदी यह कभी नहीं बताएंगे कि तापमान बढ़ाने, जलसंकट, बिजली संकट पैदा करने में उनकी सरकार का कितना बड़ा हाथ है। विकास परियोजनाओं के नाम पर लाखों पेड़ बेरहमी से काटे जा चुके हैं, जिसका खामियाजा आज की पीढ़ी तो भुगत ही रही है, आने वाली नस्लों के लिए जब बंजर धरती ही विरासत के तौर पर रह जाएगी, तो सुजलाम, सुफलाम, शस्य श्यामला मातरम का गान कैसे होगा, इस पर वंदे मातरम का नारा बुलंद करने वालों को विचार कर लेना चाहिए।

परीक्षा पर चर्चा जैसा कार्यक्रम भी नरेन्द्र मोदी के लिए सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए है, यह बात समझना कठिन नहीं है। इस बार बोर्ड परीक्षाओं के पहले मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में असम का गमछा पहना हुआ था, क्योंकि असम में चुनाव थे। इस कार्यक्रम के लिए देश भर से बच्चों का चयन किया जाता है, फिर सरकारी खर्च पर उन्हें दिल्ली लाया जाता है, प्रधानमंत्री के साथ बातचीत की वीडियो रिकार्डिंग होती है, अलग-अलग सेटअप में रिकार्डिंग्स होती हैं। जो बच्चे नरेन्द्र मोदी से मिलने के लिए चयनित होते हैं उनके मां-बाप को स्वाभाविक तौर पर खुशी होती है, क्योंकि प्रधानमंत्री से मिलना आम जनता के लिए बड़ी बात ही होती है। हालांकि इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि नाबालिग बच्चों को किस तरह भाजपा राजनीतिक फायदे का जरिया बना रही है। कैच दैम यंग, बाजारवाद का पुराना नारा है, यानी पकड़ बनानी है तो बाल्यावस्था, किशोरावस्था में अपने उपभोक्ताओं को प्रभावित किया जाए, ताकि उसका लाभ आगे जाकर मिले। भाजपा इसी नीति पर काम कर रही है। परीक्षा पर चर्चा करने का मोदी का एक छिपा मकसद शायद दिवंगत प्रधानमंत्री पं.नेहरू और दिवंगत राष्ट्रपति एपीजे कलाम से होड़ लेना भी हो सकता है, ये दोनों हस्तियां बच्चों से चर्चा करने का आनंद लेती थीं और बातचीत में ही उन्हें जीवन के अलग-अलग पहलुओं से परिचित कराती थीं। नरेन्द्र मोदी निःस्वार्थ भाव से ऐसा करते तो शायद उनके इरादे पर संदेह नहीं होता। लेकिन अब सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणामों की भारी गड़बड़ी पर उनकी चुप्पी बता रही है कि छात्रों से चर्चा का मकसद केवल अपने लिए वोट सुनिश्चित करना था, उससे ज्यादा कुछ नहीं। कम से कम इस मोड़ पर आकर उन अभिभावकों को सावधान होना चाहिए जो इस बात पर खुश थे कि उनके बच्चे ने प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम




में हिस्सा लिया। और उन अभिभावकों को भी सतर्क रहना होगा जिनके बच्चे अभी बोर्ड परीक्षा देने वाले हैं। क्योंकि जो जुआ इस साल खेला गया वह अगले साल नहीं खेला जाएगा, इसकी कोई गारंटी नहीं दी गई है।


पाठक जानते हैं कि सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे इस बार सात सालों में सबसे खराब रहे, केवल 85.20 प्रतिशत बच्चे ही उत्तीर्ण हो पाए। और उसमें भी कई बच्चे अपने अंकों से संतुष्ट नहीं थे। खासकर उन छात्रों की चिंता बढ़ गई है, जो जेईई मेन्स में तो शानदार परसेंटाइल ले आए, लेकिन बोर्ड में 75प्रतिशत का मानदंड पार नहीं कर पाए। दरअसल इस बार ऑनस्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम प्रणाली को अपनाया गया। इसमें शिक्षकों के सामने छात्रों की हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका नहीं आई, बल्कि कंप्यूटर स्क्रीन पर उसकी डिजिटल प्रति आई, जिसे जांचा गया। परीक्षा केंद्रों से एकत्र की गई उत्तरपुस्तिकाओं को हाई-रिजॉल्यूशन स्कैनर्स से स्कैन करके डिजिटल रूप में बदला गया। इसके बाद इन डिजिटल कॉपियों को जांचकताओं को कंप्यूटर पर भेजा गया। उन्होंने स्क्रीन पर उत्तरों को पढ़ा और बोर्ड की मार्किंग स्कीम के आधार पर सीधे सिस्टम में ही नंबर दिए। सुनने में यह व्यवस्था बड़ी अच्छी लगती है। लेकिन जब कई छात्रों को उनकी उम्मीद के अनुरूप अंक नहीं मिले तो उन्होंने फिर से जांच के लिए आवेदन किया। जिसके लिए प्रति विषय सौ रूपए का शुल्क लिया गया। इसमें छात्रों को उनकी उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन प्रति भी भेजी गई। छात्रों को बड़ा झटका तब लगा, जब उन्होंने देखा कि जो उत्तरपुस्तिका उनकी बताई जा रही है, वह असल में उनकी है ही नहीं। किसी को पहला पृष्ठ उसका मिला, बाकी किसी और का। किसी को काली स्याही वाली उत्तरपुस्तिका मिली, जबकि उसने काली स्याही का इस्तेमाल ही नहीं किया था। वेदांत नामक छात्र ने तो इसकी शिकायत बाकायदा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उठाई, जिसके लिए उसे पाकिस्तानी, देशद्रोही, जॉर्ज सोरोस का एजेंट न जाने क्या-क्या कहा गया। हालांकि सीबीएसई ने वेदांत की शिकायत पर माना कि उनसे गलती हुई है। इसके बाद कुछ और छात्रों ने ऐसी ही शिकायत दर्ज की और अब ये सिलसिला बढ़ता जा रहा है। सीबीएसई इनमें से कितने छात्रों के सामने कबूल करेगा कि उससे गलती हुई है, यह कहा नहीं जा सकता। क्योंकि इस सरकार में गलती स्वीकारने और जिम्मेदारी लेने का कोई चलन है ही नहीं। जैसी सरकार, वैसे अफसर। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तो नीट पेपर लीक होने के बाद भी अपने पद पर आराम से बने हुए हैं, जबकि कई छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। जिन लोगों की अंतरात्मा जागी हुई होती है, वे ऐसी घटनाओं पर विचलित होते हैं और फौरन अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेकर त्यागपत्र की पेशकश करते हैं। लाल बहादुर शास्त्री ने ऐसा ही किया था। यह कोई किंवदंती नहीं है, 1965 की बात है।

लेकिन 2026 में जिम्मेदारी लेने की जगह पीड़ित को ही कटघरे में खड़े करने का चलन मोदी सरकार ने बना लिया है। इसलिए अपने ही देश के बच्चे को पाकिस्तानी कहने में दूरदर्शन के पत्रकार अशोक श्रीवास्तव को हिचक नहीं हुई। धर्मेन्द्र प्रधान को भी ग्लानि नहीं हुई कि लाखों बच्चों का भविष्य उनके मंत्रालय ने दांव पर लगा दिया। और इन सबके सिरमौर प्रधानमंत्री मोदी भी आराम से प्रवचन देने में लगे हुए हैं।

प्यासे को पानी पिलाओ, घर के बाहर मटका रखो जैसी पोस्ट मोदी कर रहे हैं, नितिन गडकरी के लिए जन्मदिन की शुभकामनाएं सोशल मीडिया पर प्रेषित कर रहे हैं, लेकिन नीट पेपर लीक से जिन अभ्यर्थियों को तकलीफ हुई, जिन होनहार नौजवानों ने हताशा में अपने प्राण ले लिए, उनके लिए कोई अफसोस नहीं जताया। अशोक श्रीवास्तव के घर में शादी समारोह में शिरकत करने वाले नरेन्द्र मोदी उन्हें फटकार नहीं सके कि मेरे देश के बच्चे को पाकिस्तानी कहने की हिमाकत कैसे की। सीबीएसई को नरेन्द्र मोदी ने कोई प्रवचन नहीं दिया कि बिना किसी तैयारी के ओएसएम जैसी व्यवस्था क्यों लागू की गई। अब गड़बड़ी सामने आई है तो इसे कैसे सुधारा जाएगा, इस बारे में भी कोई सवाल-जवाब नहीं हुआ। मोदी की तरह समूचे भाजपाई कुनबे ने इस तरफ से चुप्पी साध रखी है।

## शिवपुरी में आवारा कुत्ते का कहर, एक दिन में 60 से अधिक लोगों को काटा








**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। मध्य** प्रदेश के शिवपुरी शहर में शनिवार को एक आवारा कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। शहर के विभिन्न इलाकों में दिनभर लोगों पर हमले करते हुए उसने बच्चों, महिलाओं और पुरुषों समेत 60 से अधिक लोगों को घायल कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं से शहर में भय का माहौल बन गया। वहीं कई घंटों तक हमले जारी रहने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन हमलावर कुत्ते को पकड़ने में सफल नहीं हो सका, जिससे उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।सबसे गंभीर घटना महल क्षेत्र के पीछे स्थित लक्ष्मीबाई कॉलोनी रोड पर सामने आई। यहां घर के बाहर खेल रही ढाई वर्षीय बच्ची पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची के चेहरे को अपने जबड़ों में जकड़ लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद बच्ची को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। इस दौरान बचाव के लिए पहुंचे एक व्यक्ति को भी कुत्ते ने काट लिया।इसके बाद कुत्ते ने विजयपुरम निवासी बलराम सिंह रावत पर हमला कर उनके हाथ में काट लिया। बलराम सिंह के अनुसार कुत्ता तेज रफ्तार से दौड़ता हुआ आया, पहले एक कार से टकराया और फिर उन पर हमला कर मौके से भाग गया। शाम करीब साढ़े तीन बजे महल क्षेत्र की आठ वर्षीय वंशिका भी कुत्ते के हमले का शिकार हो गई। वहीं सब्जी मंडी के सामने काम कर रहे आजाद खान, नगर पालिका कर्मचारी अशोक खरे की पत्नी और कमलागंज निवासी नितेश जाटव समेत कई लोगों को कुत्ते ने घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल नितेश जाटव को उपचार के दौरान 22 टांके लगाने पड़े।

ठंडी सड़क स्थित फ्रूट मंडी में फल व्यापारी रहीश राइन पर हुए हमले की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अन्य सीसीटीवी फुटेज में भी कुत्ता राहगीरों पर हमला करता दिखाई दिया। हनुमान चौराहा, एमएम हॉस्पिटल, नवाब साहब रोड, खुड़ा बस्ती, कस्टम गेट, गांधी पार्क, फ्रूट मंडी और लक्ष्मीबाई कॉलोनी सहित शहर के कई क्षेत्रों से एक ही काले रंग के कुत्ते द्वारा लोगों को काटे जाने की जानकारी सामने आई।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. यादव ने बताया कि सुबह से शाम तक 60 से अधिक लोग कुत्ते के काटने के बाद उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। सभी घायलों को एंटी रेबीज वैक्सीन समेत आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया है। अस्पताल में दवाओं और वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।वहीं नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि कुत्ते को पकड़ने के लिए टीमों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक हमलावर कुत्ता पकड़ में नहीं आया था।

घटना के बाद शहरवासियों ने आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए नगर पालिका से स्थायी और प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## युवा इतना 'कॉकरोची' क्यों है ?

**संदीप सिंह**




**'कॉकरोच** जनता पार्टी' नाम की यह कैम्पेन भारत के चुनावी-राजनीतिक तंत्र के सीमाओं के खोखलेपन को भी उजागर कर रही है जहां 'चुने हुए राजनीतिक लोग' एक अलग ही वर्ग बन चुके हैं। भारत का 'पोलिटिकल क्लास' जनता से बहुत दूर जा चुका है। इसे एकाउंटेबल बनाने का कोई औजार जनता के पास अब बचा नहीं है। जनता याचक मात्र बनकर रह गई है। 'पॉलिटिकल क्लास' अब नया राजा है।

भारत में इन दिनों सोशल मीडिया पर चल रहा 'कॉकरोच जनता पार्टी' अभियान केवल एक इंटरनेट ट्रेंड या मीम संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह उस गहरे असंतोष, हताशा और गुस्से की अभिव्यक्ति है जो देश के युवाओं और आम लोगों के भीतर धीरे-धीरे जमा होता गया है। देश के मुख्य न्यायाधीश ने जिस भी मानसिकता से बेरोजगार युवाओं के लिए 'कॉकरोच' के रूपक का प्रयोग किया हो, एक बड़ा युवा वर्ग इस रूपक से जुड़ी त्रासदी, तिरस्कार, शोषण, और पीड़ा को अपने जीवन से जोड़ पा रहा है। बेरोजगारी, मंदी, महंगाई, परीक्षा घोटाले, भ्रष्टाचार, राजनीतिक दूरी और सामाजिक अपमान के बीच पिसती एक पीढ़ी ने इस रूपक में अपने जीवन का प्रतिबिंब देख लिया है। यह देश के युवाओं में चौतरफा फैली हताशा, चिढ़ और गुस्से का प्रतीक बन रही है। आज युवा का जीवन किसी कॉकरोच से अलग है क्या? दोनों हमारी व्यवस्था का तिरस्कृत और अदृश्य बहुमत हैं। यह तिरस्कृत, और अदृश्य लोगों का विद्रोह है। इसे कोई दल या विकल्प न समझा जाये। इसके पास आपके हर सवाल का जवाब नहीं है। हमारे समय की त्रासदी पर एक मजाक, एक चुटकुले के रूप में इसकी शुरूआत हुई है। इतिहास में ऐसा कई बार हुआ है कि एक मजाक पूरी व्यवस्था पर भारी पड़ गया है। यह तेज संचार का दौर है। लोगों की जानकारी, उम्मीदें और बेचैनी भी बढ़ी है। अब लोग लंबे इंतजार के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें आज, अभी अपनी समस्या का हल चाहिए। उन्हें ठोस बदलाव चाहिए। चुनावों में चाहे उन्होंने किसी भी दल को वोट दिया हो, बड़ी संख्या में लोग अपने वर्तमान जीवन से संतुष्ट नहीं दिखते। यही कारण है कि एक व्यंग्यात्मक अभियान अचानक व्यापक जनभावना का प्रतीक बन जाता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम की यह कैम्पेन भारत के चुनावी-राजनीतिक तंत्र के सीमाओं के खोखलेपन को भी उजागर कर रही है जहां 'चुने हुए राजनीतिक लोग' एक अलग ही वर्ग बन चुके हैं। भारत का 'पोलिटिकल क्लास' जनता से बहुत दूर जा चुका है। इसे एकाउंटेबल बनाने का कोई औजार जनता के पास अब बचा नहीं है। जनता याचक मात्र बनकर रह गई है। 'पॉलिटिकल क्लास' अब नया राजा है। इन्हीं में कोई एक बेरोजगार युवाओं को 'कॉकरोच' कह देता है तो सोशल मीडिया में भूचाल आ जाता है। करोड़ों की संख्या में निकले ये कॉकरोच नए 'राजाओं' के लिए चेतावनी हैं।

'कॉकरोच' शब्द मूलतः तिरस्कार का प्रतीक माना जाता है। लेकिन जब बेरोजगार युवा खुद को इसी रूपक से जोड़ने लगें तो यह केवल भाषा का खेल नहीं रह जाता, बल्कि व्यवस्था पर गंभीर टिप्पणी बन जाता है। करोड़ों युवा इस कैंपेन से जुड़ रहे हैं। यह कितना आर्गेनिक है और कितना प्रायोजित है, इसके पीछे कौन सी बाहरी या भीतरी शक्तियां हैं,

यह टिकेगा या एक बुलबुले की तरह गायब हो जाएगा, इसका मकसद क्या है आदि-सवाल हैं जो उठ रहे हैं और उठने भी चाहिए- मगर इस परिघटना को 'खारिज' करने के अंदाज से देखने से फायदा नहीं है। सतह के नीचे कुछ तो ऐसा करेंट है जिसे इस कैम्पेन ने छुआ है।

## जगन्नाथ दर्शन उपरात आयोजित भंडारे में शामिल हुए सपा विधायक ताहिर खान

**सुल्तानपुर-तहसील** बल्दीराय के बिरधौरा स्थित ग्राम पूरे गजराज में रविवार को आस्था और भाई-चारे की मिसाल देखने को मिली। गांव निवासी बलराम यादव के आवास पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

दर्शन के उपरांत गांव के वरिष्ठ नागरिकों, माताओं-बहनों और गणमान्य लोगों के लिए भव्य भोज रखा गया। बुजुर्गों ने सामूहिक रूप से बलराम यादव को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया।

भंडारे में पहुंचे इसौली से सपा विधायक मो. ताहिर खान ने कहा, "बलराम यादव जी ने आज जो आयोजन किया है, वह सच्चे अर्थों में समाजवाद है। बुजुर्गों का सम्मान



और सबको साथ लेकर चलना ही हमारी संस्कृति है। ऐसे आयोजनों से गांवों में एकता और आपसी प्रेम बढ़ता है। मैं आयोजक परिवार को बधाई देता हूं।"

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश यादव, रमेश यादव, वीर बहादुर यादव, बृजनाथ यादव, पवन यादव समेत क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।

आयोजन में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक बलराम यादव ने सभी का आभार जताते हुए कहा, "गांव के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद और जनप्रतिनिधियों का स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।"

## कच्ची दीवार बनी काल,मलबे में दबकर मजदूर की मौत

**सुल्तानपुर-बल्दीराय** थाना क्षेत्र के नटौली गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दिहाड़ी मजदूर की मौत हो गई। कच्ची दीवार गिराने के दौरान अचानक दीवार भरभराकर मजदूर के ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार नटौली गांव निवासी रामजग (40) पुत्र रामबली गांव के ही एक व्यक्ति के घर पर मजदूरी कर कच्ची दीवार गिराने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक जर्जर दीवार ढह गई और वह उसके मलबे में दब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।चिकित्सकों ने जांच के बाद रामजग को मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।सूचना पर पहुंची बल्दीराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ग्राम पंचायत सुरौली में 1 साल से खराब पड़ा हैंडपंप,

**सुल्तानपुर** :विकास खंड जयसिंहपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरौली के ग्रामीण भीषण गर्मी और उमस में पानी पीने के लिए बेहद परेशान हैं। सरकारी हैंडपंप पिछले एक साल से पूरी तरह खराब पड़ा हुआ है, लेकिन ग्राम प्रधान और सचिव इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार ग्राम प्रधान और सचिव के पास शिकायत लेकर गए, लेकिन दोनों ही समस्या का समाधान करवाने को तैयार नहीं हैं। उमस भरी भीषण गर्मी में महिलाएं, बच्चे और राहगीर खुलकर पानी पीने की सुविधा से वंचित हैं ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर भारी रोष व्याप्त है। आज



स्थानीय महिलाओं ने एकत्र होकर सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी विनय सिंह से तुरंत हैंडपंप रिपेयर करवाने की गुहार लगाई है।ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द खराब हैंडपंप को दुरुस्त करवाए, ताकि गर्मी के इस मौसम में लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा आयोजित बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 जनपद में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्रों जिसमें चित्रकूट इंटर कॉलेज (चित्रकूट), राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (कर्वी) तथा गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (बेड़ी पुलिया) का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सर्विलांस, अभ्यर्थियों की बैठक व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत प्रशासनिक प्रबंधों की सघन समीक्षा की। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी नोडल अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं पर्यवेक्षकों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारदर्शी, नकलविहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा की गरिमा से समझौता करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रवेश द्वारों पर सघन तलाशी सुनिश्चित करने तथा परीक्षा कक्षों में कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित साधनों (नकल) के प्रयोग की संभावना को पूर्णतः निरस्त किया जा सके।



# पुलिस विभाग से सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षक को दी गयी भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में क्षेत्राधिकारी फायर यदुनाथ सिंह की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा देकर अधिवर्षता पूर्ण करने वाले उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस राजकिशोर सिंह की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षक से कहा गया कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें, जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रहे और परिवार के साथ सुखीमय जीवन व्यतीत करें इसके बाद अधीक्षक ने कहा पुलिस विभाग को दिया गया आपका यह कीमती समय जिसमें पुलिस विभाग आपका सदैव आभारी रहेगा। आपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मोबाइल चोरी के शक में विवाद, बीच-बचाव करने पहुंचे पिता की चाकू से हत्या

**चित्रकूट।** मंदाकिनी पुल घाट के पास रविवार शाम मोबाइल फोन चोरी के शक में शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बेटे को बचाने पहुंचे पिता की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर किया। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब चार बजे मंदाकिनी पुल घाट के पास रिंकू निषाद नदी में स्नान कर रहा था। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और उस पर मोबाइल फोन चोरी करने का संदेह जताते हुए उसे पकड़ने का प्रयास करने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ता देख आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। बताया गया कि बेटे को युवकों से घिरा देख उसके पिता बिट्टी निषाद मौके पर पहुंच गए और मामले को शांत कराने का प्रयास करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि चार युवकों ने मिलकर बिट्टी निषाद पर हमला कर दिया। इस दौरान उनकी गर्दन पर चाकू से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा सीडीओ डीपी पाल जिला अस्पताल और घटनास्थल पहुंचे। अधिकारियों ने मामले की जानकारी ली तथा पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मृतक के स्वजन ने चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कब्ज और मंदाग्नि से छुटकारा दिलाता है हलासन

**चित्रकूट।** जनपद के कर्वी मुख्यालय स्थित कुबेरगंज में योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने योग कराते हुए बताया कि हलासन में मध्यपट में होने वाली गति से समस्त आंतरिक अंगों की मालिश हो जाती है। पाचन क्रिया तीव्र हो जाती है, जिससे कब्ज और मंदाग्नि से छुटकारा मिलता है। प्लीहा और अधिवृक्क ग्रंथियों को नवजीवन प्राप्त होता है। अग्नाशय द्वारा इंसुलिन के उत्पादन में वृद्धि होती है और यकृत एवं गुर्दे की सक्रियता बढ़ती है। यह उदर की पेशियों में सुधार बनाता है। मेरुदण्ड की तंत्रिकाओं को पोषण मिलता है और संपूर्ण क्षेत्र में रक्त संचार बढ़ता है। थायराइड ग्रंथि के कार्य को ताकत मिलती है। प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता में वृद्धि होती है। योगाचार्य ने बताया कि इसे करने के लिए पीठ के बल लेट कर पैरों और पंजों को एक साथ मिलकर रखते हैं फिर शरीर के बगल में भुजाएं और हथेलियां नीचे की ओर रहती हैं। दोनों पैरों को एक साथ और सीधा रखते हुए लंबवत ऊपर उठाते हैं फिर उन्हें उठाते समय केवल उदर की पेशियों का उपयोग करते हैं फिर भुजाओं पर बल देकर नितंबों को उठाते हैं और पीठ को जमीन से उठाने के लिए मोड़ते हैं फिर पैरों को सर की ओर झुकाते हैं फिर सर के पीछे पैरों की उंगलियों से जमीन को स्पर्श करने का प्रयास करते हैं। दोनों पैर मिले हुए किंतु सीधे रखते हैं। हथेलियों को ऊपर की ओर पलट कर हाथों को सर्वांगासन की तरह पीठ को सहारा देते हैं। सावधानी के तौर पर हर्निया स्लिप डिस्क साइटिका उच्च रक्तचाप या पीठ के गंभीर रोगों में इसे योग शिक्षक की देखरेख में करना चाहिए।

### अजीत का बनाया गया मऊ तहसील अध्यक्ष

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन चित्रकूट जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने भा.कि.यू. तहसील अध्यक्ष मऊ की जिम्मेदारी संगठन के समर्पित किसानों की समस्याओं के प्रति संघर्षरत सिपाही बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के बताए सिद्धांतों पर चलने वाले किसान अजीत कुमार शुक्ला पुत्र अयोध्या प्रसाद शुक्ला ग्राम चोरहा को तहसील मऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई। भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि अजीत को तहसील मऊ का तहसील अध्यक्ष बनाया गया है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू सेवन एवं धूम्रपान न करने की दिलाई गई शपथ



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने तथा अपने कार्यस्थल एवं आसपास के वातावरण को तम्बाकू मुक्त बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को तम्बाकू उत्पादों के सेवन एवं धूम्रपान से दूर रहने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने, तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। तथा तम्बाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्मिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों, थानों एवं चैकियों में पुलिसकर्मियों को तम्बाकू एवं धूम्रपान का सेवन न करने तथा जनसामान्य को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

## नरैनी तहसील में ई-स्टाम्प वेंडरों की मनमानी

**निर्धारित से दोगुने दामों पर बेचने का आरोप**

**नरैनी/बांदा।** नरैनी तहसील में ई-स्टाम्प वेंडरों द्वारा आम जनता से खुलेआम मनमानी वसूली का मामला सामने आया है। तहसील प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस खेल से जरूरत मंद लोग परेशान हैं। वेंडरों की इस अवैध वसूली के खिलाफ स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।दोगुने दामों पर बिक रहे ई-स्टाम्पनरैनी तहसील में करीब आधा दर्जन वेंडरों को ई-स्टाम्प बिक्री का लाइसेंस मिला हुआ है। आरोप है कि ये सभी वेंडर आपस में गुटबाजी कर आने वाले ग्राहकों और वादकारियों को लूट रहे हैं। सरकार द्वारा कमीशन तय होने के बावजूद वेंडर अधिक मुनाफे के चक्कर में तय दरों से ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं। 10 रुपये का स्टाम्प 20 रुपये में बिक्री, 50 रुपये का स्टाम्प 70 रुपये में बिक्री, 100 रुपये का स्टाम्प 130 रुपये में बिक्री रोजाना लाखों का कारोबार किया जा रहा है। जिसकी खबर सक्षम अधिकारी को होने के बावजूद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। नरैनी तहसील में रोजाना औसतन लगभग 2 लाख रुपये के ई-स्टाम्प की खपत होती है। इस बड़े कारोबार में वेंडरों की मनमानी के कारण जमीन-जायदाद के काम से आने वाले लोगों को मजबूरन महंगे दामों पर स्टाम्प खरीदना पड़ रहा है।

# स्वच्छ साधना सप्ताह के तहत परिक्रमा मार्ग में की गई सफाई

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** स्वच्छ साधना सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को धर्मनगरी चित्रकूट में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर व्यापक महासफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी लाल जी के निर्देशन में नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम एवं कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।

यह अभियान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में स्थित राम दर्शन के सामने चलाया गया एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मियों ने मार्ग पर फैले कूड़ा-करकट, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण किया। साथ ही परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने स्वच्छता के साथ कामदगिरि परिक्रमा में प्रतिदिन सामान बेचकर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों से अपील की कि कचरे को मार्ग में न फैलाएं इसे व्यवस्थित कर कूडेद्रान में ही डालें।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम प्रयोग करने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। श्रद्धालुओं से बंदरों को मार्ग के बीच भोजन न देने का अनुरोध भी किया गया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित न हो सके।

महासफाई अभियान में जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, रसूल खान, जानकी प्रसाद, विनोद, वीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाया गया विशेष जागरुकता अभियान

**चित्रकूट।** बाल श्रम उन्मूलन के लिए संचालित 44 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन कल्याण शिक्षण प्रसार संस्था द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से रामनगर विकासखंड की ग्राम पंचायतों घूरेहटा, सिंहपुर, खजुरिया कला, अमवा, भदेवरा, रंगौली, करौंदी कला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों, अभिभावकों, किशोर-किशोरियों एवं बच्चों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों, बच्चों के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा के महत्व तथा बाल संरक्षण संबंधी कानूनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि बाल श्रम केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन और कानूनन दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। बच्चों से मजदूरी करवाने के कारण उनका शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास बाधित होता है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है। इसलिए समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाए और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें।

आगे बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शासन, प्रशासन, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण तंत्र एवं सामाजिक संगठनों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को सफल बनाने में समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक नागरिक को बाल श्रम की सूचना संबंधित विभागों तक पहुँचाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित 2016) के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में कार्य पर लगाना भी अपराध की श्रेणी में आता है। कानून का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं को 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास अथवा 20,000 से 50,000 तक का जुमार्ना या दोनों दंड दिए जा सकते हैं। अपराध करने पर 1 वर्ष से 3 वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बच्चों के अन्य प्रकार के शोषण के प्रति भी जागरूक किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि यदि किसी होटल, ढाबे, दुकान, फैक्ट्री, निर्माण स्थल, खेत या अन्य किसी स्थान पर कोई बच्चा मजदूरी करता हुआ दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित विभागों को दें। संस्था के कार्यकताओं ने लोगों को जानकारी दी कि बाल संरक्षण संबंधी मामलों में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर 24 घंटे निःशुल्क सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आपातकालीन पुलिस सेवा 112, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के हेल्प लाइन नंबर 18001027222, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभागह्न जिला बाल संरक्षण इकाई तथा बाल कल्याण समिति को भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। समय पर दी गई सूचना किसी बच्चे को शोषण, उत्पीड़न एवं बाल श्रम से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों, अभिभावकों एवं युवाओं ने बाल श्रम के विरुद्ध जागरूक रहने तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया। संस्था द्वारा यह संदेश दिया गया कि घर-घर को जगाना है, बाल मजदूरी हटाना है तथा सामूहिक प्रयासों से ही बाल श्रम मुक्त, शिक्षित और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मनाया अहिल्याबाई होलकर की जयंती

**चित्रकूट।** जनपद में कांग्रेस कैंप कार्यालय कर्वी में जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया। अध्यक्ष ने कहा अहिल्याबाई ने गरीब मजदूर पिछड़ों के लिए हमेशा संघर्ष किया था। उन्होंने अपने समय में कई घाटों मंदिरों का निर्माण कराया है। महिला सशक्तिकरण के लिए उनका योगदान रहा है। मानव कल्याण के लिए उन्होंने हमेशा कार्य किया है। उनकी जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट संकल्प लेती है कि उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए लोगों के हित के लिए कांग्रेस पार्टी काम करेगी। इस मौके पर अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, विजय मणि त्रिपाठी, चुनवाद प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, राबेद्र सिंह मौजूद रहे।

# मत्स्य कैबिनेट मंत्री ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**चित्रकूट।** जनपद के मऊ ब्लाक परिसर स्थित सभागार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की मौजूदगी में मछुआ समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कैबिनेट मंत्री के पहुंचने पर कार्यकताओं और जिले के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। सभागार छोटा होने के कारण मंत्री ने स्वयं कार्यकताओं के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई, जिसके बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री निषाद ने मछुआ समुदाय के उत्थान पर जोर दिया। उन्होंने मत्स्य संपदा योजना सहित कई सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिनका उद्देश्य मछुआ समुदाय के लोगों के जीवनयापन को बेहतर बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। मंत्री ने मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के तहत दैविक आपदाओं से हुई क्षति पर वित्तीय सहायता, चिकित्सा सहायता, माता सुकेला महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण (केज संवर्धन), मछुआ आवास योजना, तकनीकी प्रशिक्षण एवं सेमिनार, वैवाहिक सहायता और शिक्षा के लिए सहायता जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से निषाद समुदाय को विशेष लाभ मिलेगा। आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है।

इस अवसर पर मत्स्य समुदाय के अधिकारी, तहसीलदार राम सुधार और थाना प्रभारी प्रकाश यादव सुरक्षा व्यवस्था के साथ मौजूद रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के निषाद समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पुलिस महकमे ने ली शपथ

**बांदा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनपद बांदा के पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन और सभी थानों में एक विशेष नशामुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू व धूम्रपान से पूरी तरह दूर रहने तथा अपने कार्यस्थल व आसपास के माहौल को तंबाकू मुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

तंबाकू के खिलाफ इस मुहिम के तहत पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टॉक ने कमान संभाली। उन्होंने वहां मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को तंबाकू उत्पादों के सेवन और धूम्रपान से दूर रहने का संकल्प दिलाया। साथ ही, उन्होंने पुलिस बल से समाज में इसके खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया। उधर, पुलिस कार्यालय में क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर गहरा प्रकाश डालते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# सपा ने धूमधाम से मनाई गई वीरांगना अहिल्याबाई की जयंती

**वक्ताओं ने बताया महिला सशक्तिकरण का अनूठा प्रतीक**

**बांदा।** बिजली खेड़ा स्थित समाजवादी पार्टी मुख्य कार्यालय में हिंदू धर्म की रक्षक और महिला सशक्तिकरण की प्रबल हस्ताक्षर महान वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद कार्यकताओं और उपस्थित लोगों का मुंह मीठा कराकर प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिला अध्यक्ष मसूदन कुशवाहा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के निवर्तमान प्रदेश सचिव बाला पाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकताओं ने वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिला सशक्तिकरण की मिसालरू बाबा वाहिनी की निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन दिवाकर ने अपने संबोधन में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण है, जिससे आज की महिलाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

ऐतिहासिक कार्यों की सराहनारू निवर्तमान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रामलाल प्रजापति ने उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को अनुकरणीय बताया। धर्म और संस्कृति की रक्षकरू छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा ने अहिल्याबाई होल्कर जी को महान देवी की संज्ञा देते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक संस्कृति की रक्षा की। आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए काशी विश्वनाथ, मथुरा, सोमनाथ, गया और बद्रीनाथ जैसे ऐतिहासिक मंदिरों का उन्होंने जीर्णोद्धार कराया। इसके साथ ही जनहित के लिए कुएं, तालाब और पोखरों का बड़े पैमाने पर निर्माण कराया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नंदकिशोर यादव द्वारा किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर मुख्य रूप से शिव करण पाल, एजाज खान, प्रमोद गुप्ता राजा, लालमन यादव, शनि गुप्ता, रामबाबू वर्मा, जुगुल जाटव, पुष्पेंद्र चुनीले, राजबहादुर कुशवाहा, मुन्ना पटेल, द्वारिका यादव, अवध बिहारी यादव, इरफान खान, कुतैबा जमा, मुशीर फारूकी, नेतराम वर्मा, विक्रम सिंह आर्य, मोरध्वज खुराना, आर के समुद्र, रोहित प्रजापति, सुनील कुशवाहा सहित दर्जनों की संख्या में पार्टी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल जंगल बचाने को कल से भूख हड़ताल पर बैठेंगे नोमानी

**बांदा।** बुंदेलखंड के प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, बढ़ते प्रदूषण और भीषण गर्मी के संकट को लेकर शबुंदेलखंड इंसाफ सेनाश ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। जल, जंगल, पहाड़ और जीवनदायिनी केन नदी को अस्तित्व के खतरे से बचाने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए. एस. नोमानी के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता 1 जून से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए. एस. नोमानी ने जनपद की वर्तमान स्थिति पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बांदा में इस समय अवैध खनन चरम पर है, जिसके कारण पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और बेकाबू हो चुके वायु प्रदूषण ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है, जिसका नतीजा आज शहरवासी भीषण और रिकॉर्डतोड़ गर्मी के रूप में भुगत रहे हैं। भूख हड़ताल की पूर्व संध्या पर संगठन द्वारा जनपद के सभी वर्गों से इस मुहिम में शामिल होने की भावुक और पुरजोर अपील की गई है।

# तिन्दवारी में पकड़े गये डीजल चोर गिरोह के दो सदस्य

**आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, भेजा जेल**

**अखंड भारत संदेश**



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के चलते तिन्दवारी पुलिस ने अर्न्तजनपदीय गिरोह के दो सदस्यों को डीजल चोरी के आरोप में हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

गौरतलब हो कि बीती रात थाना तिंदवारी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग चारपहिया वाहनों से बांदा की तरफ जा रहे है जो एकांत में खड़े ट्रको आदि से डीजल चोरी करते है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू की गई । इसी दौरान दो चारपहिया वाहन पुलिस की चेकिंग को देखकर गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस द्वारा घेराबन्दी करते हुए मुंगुस नहर पुलिस के पास पकड़ लिया गया । पकड़े गए व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो गाड़ी के अन्दर से 06 प्लास्टिक जेरिकेन(पिपिया) में भरी करीब 200 डीजल, 02 खाली जेरिकेन (पिपिया), हरे रंग की पाइप व गाड़ियों के नम्बर प्लेट आदि सहित नकद रुपए बरामद हुए तथा अभियुक्त राजेश पुत्र प्रहलाद की तलाशी के दौरान एक अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए । पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बांदा व आस-पास जनपदों में घूम-घूमकर एकांत में खड़े ट्रकों आदि से डीजल चोरी करते है और फिर उसे दूसरे ट्रकों के चालको बातचीत कर उनको सस्ते दामों पर बेच देते है तथा कुछ डीजल को वे लोग घर में ले जाकर भी बेचते है । तलाशी के दौरान जो रुपए बरामद हुए है वह भी डीजल चोरी की बिक्री के है । साथ ही बताया कि वे सभी इसी चारपहिया वाहनों पर नम्बर प्लेट बदलकर रात में एकांत में खड़े ट्रको आदि से डीजल चोरी करते है जिससे की सीसीटीवी कैमरों से बचे रहे । पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना तिंदवारी में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों को पकड़ने में संदीप कुमार थानाध्यक्ष तिंदवारी, उ0नि0 सुभाष चन्द्र वर्मा, म0उ0नि0 सुश्री सृष्टि नगाईच चौकी प्रभारी कुरसेजा, उ0नि0 श्री फूलचन्द्र, उ0नि0 धर्म सिंह, हे0कां0 योगेन्द्र सिंह, शमशेर बहादुर, ज्योति शुक्ला, महेन्द्र प्रताप, शिवजीत सिंह शैलेश यादव शामिल रहे।

# युद्धपोत देख भड़का चीन, लड़ाकू जहाज से नेवी को घेरा

**चीन**

**चीन** और उसके झगड़े कभी खत्म नहीं होंगे और यही वजह है कि दक्षिण चीन सागर में लगातार तनाव का नया मोर्चा खुलता चला जा रहा है। चीन और पश्चिमी देशों के बीच समुद्री अधिकारों को लेकर लंबे समय से विवाद है और इस बीच चीन ने आरोप लगाया है कि नीदरलैंड की डच नेवी का युद्धपोत डी रुएटर उसकी समुद्री सीमा में घुस गया और वहां हेलीकॉप्टर ऑपरेशन भी किया। इसके बाद चीनी सेना ने उसे रोकने और वहां से हटाने के लिए कारवाई की। इस बीच हंगामा काफी ज्यादा बढ़ गया। दावा किया जा रहा है कि डच नेवी का युद्धपोत, डच नेवी का हेलीकॉप्टर दक्षिण चीन सागर में ऑपरेशन कर रहा है और इससे चीन को आपत्ति है। चीन की पीपल लिबरेशन आर्मी ने आरोप लगाया है कि नीदरलैंड की नौसेना का यह युद्धपोत डी रूटर चीन के शीशाद्वीप समूह के पास उसकी समुद्री सीमा में अवैध रूप से घुसा। इस घटना के बाद



चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए डच जहाज को चेतावनी दी और उसे वहां से हटाने के लिए सैन्य कारवाई की। चीनी सेना के दक्षिणी थिएटर कमांड के प्रवक्ता झाई शीचेंग ने कहा है कि डच युद्धपोत ने ना केवल चीन के दावे वाले समुद्री क्षेत्र में प्रवेश किया बल्कि वहां हेलीकॉप्टर उड़ाकर चीन के हवाई क्षेत्र का भी उल्लंघन कर दिया। इसके जवाब में चीनी नौसेना और वायुसेना ने संयुक्त कारवाई की। उस जहाज को ट्रैक किया और उसे क्षेत्र छोड़ने को मजबूर किया। चीन का कहना है कि यह उसकी संप्रभुता और सुरक्षा के खिलाफ सीधी चुनौती है। वहीं पश्चिमी देशों का मानना है कि दक्षिण चीन सागर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र है और वहां सभी देशों को आवाजाही की स्वतंत्रता प्राप्त है। दक्षिण चीन सागर इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बेहद अहम समुद्री मार्गों में से एक है। यहां से हर साल खरबों डॉलर का व्यापार गुजरता है। इसके अलावा यह क्षेत्र तेल, गैस और समुद्री संसाधनों से भी समृद्ध है। चीन इस क्षेत्र के बड़े हिस्से पर अपना दावा करता है। जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया और ब्रूनेई जैसे देश भी अपने अधिकार जताते रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देश अक्सर फ्रीडम ऑफ नेविगेशन यानी कि समुद्री स्वतंत्रता के नाम पर यहां अपने युद्धपोत भेजते रहे हैं जिससे चीन उकसावे की कारवाई मानता है। सूत्र के मुताबिक समुद्र में स्थिति काफी तनावपूर्ण थी जब इस तरह के हालात बन गए थे। चीनी नौसेना के जहाज और लड़ाकू विमान लगातार डच फ्रिगेट की निगरानी कर रहे थे।

# रेगिस्तान में ड्रैगन की खतरनाक तैयारी देख पूरी दुनिया में मची हलचल

**ताइवान**

**अंतरराष्ट्रीय** मीडिया में सामने आई ताजा रिपोर्टों ने चीन की एक ऐसी गुप्त और विशाल सैन्य तैयारी का खुलासा किया है, जिसने दुनिया की सामरिक बिरादरी में हलचल मचा कर रख दी है। चीन अपने सुदूर रेगिस्तानी इलाके में बड़ा परमाणु सुरक्षा कवच खड़ा कर रहा है। जिसका मकसद है कि अगर कभी अमेरिका उसके परमाणु ठिकानों पर पहला हमला करने की जुर्रत कर दे, तब भी बीजिंग की जवाबी मारक क्षमता बची रहे और दुश्मन को विनाशकारी जवाब मिले। रिपोर्टों के अनुसार, उपग्रह चित्रों से संकेत मिलता है कि चीन अपने परमाणु प्रतिरोधक तंत्र को लगभग अभेद्य बनाने की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम कर रहा है। यह एक ऐसी व्यापक रणनीतिक तैयारी है, जो आने वाले वर्षों में अमेरिका-चीन टकराव की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है।

हम आपको बता दें कि रिपोर्टों के अनुसार, हामी क्षेत्र के परमाणु मिसाइल साइलो परिसर के आसपास चीन ने अस्सी से अधिक प्रक्षेपण स्थलों, कई बंकरों, संचार केंद्रों और आठ कोणों वाले विशेष सैन्य परिसरों का निर्माण किया है। हजारों वर्ग किलोमीटर में फैला यह जाल केवल मिसाइलों की तैनाती के लिए नहीं बल्कि कमान, नियंत्रण, संचार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और वायु रक्षा संचालन के लिए भी तैयार किया जा रहा है। यह स्पष्ट संकेत है कि चीन अपनी परमाणु शक्ति को केवल संख्या के आधार पर नहीं बल्कि उसके बचे रहने और जवाब देने की क्षमता के आधार पर मजबूत कर रहा है।

सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि चीन पहले से ही ऐसी अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें रखता है जो अमेरिका के किसी भी शहर तक



पहुंच सकती हैं। अब वह उन मिसाइलों की सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय ढांचा तैयार कर रहा है। यदि कभी किसी संकट की स्थिति में अमेरिका चीन के परमाणु ठिकानों को निष्क्रिय करने का प्रयास करे, तो यह नया नेटवर्क उस योजना को बेहद कठिन बना सकता है। यही कारण है कि कई सामरिक विशेषज्ञ इसे चीन की "द्वितीय प्रहार क्षमता" को मजबूत करने की दिशा में सबसे बड़ा कदम मान रहे हैं।

हम आपको बता दें कि रेगिस्तान में बने दो विशाल आठ कोणीय सैन्य परिसरों ने विशेष रूप से विशेषज्ञों का ध्यान खींचा है। इनके आसपास भारी सैन्य वाहनों की गतिविधियां, सुरक्षात्मक बंकर, हथियार भंडारण क्षेत्र, हवाई पट्टियां और रेल संपर्क दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, हाल के महीनों में यहां बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास भी दर्ज किए गए हैं। उपग्रह चित्रों में छद्मावरण वाले संभावित प्रक्षेपण स्थल और वायु रक्षा मिसाइल बैटरियां भी देखी गई हैं। इससे संकेत मिलता है कि चीन केवल स्थिर साइलो पर निर्भर नहीं रहना चाहता बल्कि चलित प्रक्षेपण प्रणालियों को भी व्यापक रूप से शामिल कर रहा है। देखा जाये तो सामरिक दृष्टि से यह विकास बेहद महत्वपूर्ण है। अमेरिका और रूस पारंपरिक रूप से अपने विशाल परमाणु भंडार, मजबूत साइलो और भौगोलिक दूरी पर भरोसा करते रहे हैं। लेकिन चीन एक अलग रास्ता अपनाता दिखाई दे रहा है। वह अपने परमाणु ठिकानों के चारों ओर सक्रिय सुरक्षा कवच, संचार नेटवर्क और बहुस्तरीय रक्षा संरचना तैयार कर रहा है। यही कारण है कि कई विशेषज्ञों ने इस परियोजना को असाधारण बताया है। इस पूरे निर्माण अभियान का एक और महत्वपूर्ण पहलू संचार और नियंत्रण तंत्र है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि रेगिस्तान में फैले मार्गों और भूमिगत संरचनाओं के भीतर प्रकाश तंतु आधारित संचार व्यवस्था हो सकती है। इसके अलावा उपग्रह संचार केंद्रों और ऊंचे टावरों का निर्माण भी देखा गया है। इसका अर्थ है कि युद्ध जैसी स्थिति में भी चीन अपने परमाणु बलों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने की तैयारी कर रहा है। किसी भी परमाणु शक्ति के लिए कमान और नियंत्रण प्रणाली उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी स्वयं मिसाइलें। देखा जाये तो ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच इस निर्माण का महत्व और भी बढ़ जाता है। चीन आधिकारिक रूप से "पहले उपयोग नहीं" की परमाणु नीति की बात करता है, लेकिन पश्चिमी देशों के कई रणनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ताइवान संकट की स्थिति में बीजिंग परमाणु दबाव का उपयोग कर सकता है ।

# चीन सीमा विवाद सुलझाने के लिए बीजिंग में क्या बातचीत हुई है?

**चीन**

**भारत**-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 35वीं बैठक के अवसर पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों पक्षों ने परिसीमन, सीमा प्रबंधन, तंत्र निर्माण और सीमा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। भारतीय पक्ष ने सीमा पार नदियों पर अगली विशेषज्ञ स्तरीय बैठक शीघ्र आयोजित करने पर जोर दिया... हम सीमा पार नदियों पर हुई वार्ता में हुए सभी समझौतों को आगे बढ़ाना चाहते हैं, और दोनों पक्ष सीमा पार नदियों पर अगली वार्ता के लिए ठोस तैयारी करने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमत हुए, जो अब चीन में आयोजित होने वाली है।

चीन के बीजिंग में महिला एवं बाल विकास परिषद (डब्ल्यूएमसीसी) की एक बैठक भी हुई। हमारी ओर से बैठक का नेतृत्व हमारे संयुक्त सचिव ने किया... हुई चर्चाएँ रचनात्मक रहीं और एक सकारात्मक कदम का प्रतिनिधित्व करती हैं। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे घटनाक्रम और प्रगति सामने आएगी, हम आपको उससे अवगत कराते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर मुद्दे के संबंध में, आपने



देखा होगा कि हमने इस मामले पर अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करते हुए एक बयान जारी किया है। चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन और पाकिस्तान द्वारा जारी संयुक्त बयान के संबंध में हमने अपना जवाबी बयान जारी किया है। यह एक अलग मुद्दा है। जहां तक ??विश्व परिषद सम्मेलन (हटउउ) का सवाल है, वह पूरी तरह से एक अलग मामला है। चीन से संबंधित बयान के संबंध में हमने इस मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया है और हमने अपना रुख सार्वजनिक कर दिया है।

बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 23 से 26 मई तक चीन के दौरे पर हैं। उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग संग मुलाकात भी की। इस दौरान चीन और पाकिस्तान को एक संयुक्त बयान जारी किया। इस संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया गया।

# इबोला संकट से जूझ रहे अफ्रीका की मदद को आया भारत, भेजी चिकित्सा सहायता

**अफ्रीका**

**भारत** ने आधिकारिक तौर पर कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में बिगड़ते बुंडीबुग्यो इबोला प्रकोप से निपटने में सहायता के लिए अफ्रीका को आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति की अपनी पहली खेप भेज दी है। साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में बोलते हुए, विदेश मंत्रालय (एमईए) के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुष्टि की कि मानवीय सहायता सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के दौरान महाद्वीप के साथ खड़े रहने की नई दिल्ली की प्रतिबद्धता को दोहराया। जायसवाल ने कहा, चिकित्सा सहायता के बारे में हमने सीडीसी अफ्रीका को आपूर्ति भेजी है। यह युगांडा में हमारे उच्चायुक्त द्वारा सौंपी गई थी। उन्होंने आगे कहा कि हम महाद्वीप में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल में हर संभव तरीके से मदद करने के लिए तत्पर हैं। हम आपको अपडेट देते रहेंगे, लेकिन हमने चिकित्सा आपूर्ति की पहली खेप भेज दी है।

बुधवार को आपातकालीन दवा आपूर्ति के आगमन के बाद, अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने भारत सरकार और नागरिकों के प्रति सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त किया। एक्स पर पोस्ट में कहा कि अफ्रीका सीडीसी भारत सरकार और जनता द्वारा उदारतापूर्वक दान की गई आपातकालीन दवा आपूर्ति के आगमन का स्वागत करता है, जो दक्षिण कैरोलिना गणराज्य में बुंडीबुग्यो इबोला प्रकोप के चल रहे उपचार



में सहायता के लिए है। युगांडा में अफ्रीका सीडीसी के पूर्वी अफ्रीका आरसीसी द्वारा प्राप्त आपूर्ति में आवश्यक निदान, उपचार, संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण सामग्री और केस प्रबंधन सहायता शामिल है, जिसे जल्द ही दक्षिण कैरोलिना गणराज्य के पूर्वी हिस्से में प्रभावित समुदायों तक पहुंचाया जाएगा। अफ्रीका सीडीसी के पूर्वी अफ्रीका क्षेत्रीय सहयोग केंद्र (आरसीसी) द्वारा युगांडा में प्राप्त इस महत्वपूर्ण खेप को पूर्वी डीआरसी के सबसे अधिक प्रभावित समुदायों तक शीघ्रता से पहुँचाया जाना है। एजेंसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अफ्रीका सीडीसी महाद्वीप में जीवन की रक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के निरंतर समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए आभारी है। यह भारतीय सहायता ऐसे नाजुक समय में पहुँची है जब अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन मध्य अफ्रीका में बिगड़ती मानवीय स्थिति पर चिंता जता रहे हैं।

# ब्राजील में हत्या दर में रिकॉर्ड गिरावट, राष्ट्रपति लूला ने अपराध नियंत्रण के मास्टरप्लान को बताया

**ब्राजील**

**ब्राजील** के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने बुधवार को 2026 हिंसा एटलस के नए आंकड़ों का स्वागत किया, जिसमें दिखाया गया है कि ब्राजील में प्रति 100,000 निवासियों पर हत्या की दर ऐतिहासिक रूप से सबसे कम है। यह रिपोर्ट इंस्टीट्यूट फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च और ब्राजीलियन फोरम ऑन पब्लिक सिक्योरिटी द्वारा जारी की गई थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, लूला ने कहा कि ये आंकड़े देश भर में सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने और हिंसक अपराध को कम करने के लिए चल रहे संघीय प्रयासों को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के संदर्भ आंकड़ों में प्रमुख सुरक्षा संकेतकों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है,

जिनमें जानबूझकर की गई हत्याएं और लूटपाट के परिणामस्वरूप होने वाली मौतें शामिल हैं। राष्ट्रपति के अनुसार, न्याय और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के अद्यतन आंकड़ों के आधार पर, ब्राजील ने 2026 की पहली तिमाही के दौरान पिछले दशक में ऐसे अपराधों का सबसे कम स्तर दर्ज किया।

# इजराइल से ड्रूज समुदाय का बड़ा दावा, स्वीडा में कोई युद्धविराम नहीं, हमले अब भी जारी

**इजराइल**

**उत्तरी** इजराइल में स्थित एक द्रुज समुदाय द्वारा संचालित आपातकालीन समन्वय केंद्र का कहना है कि जुलाई 2025 में हुई हिंसा के एक साल से अधिक समय बाद भी उसे दक्षिणी सीरिया के स्वेदा प्रांत से चिंताजनक खबरें मिल रही हैं। इस हिंसा में हजारों लोग मारे गए थे और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए थे। गैलील क्षेत्र में स्थित इस केंद्र की स्थापना द्रुज स्वयंसेवकों द्वारा स्वेदा में सीमा पार के समुदायों से संपर्क बनाए रखने, मानवीय सहायता का समन्वय करने और कथित सामूहिक हिंसा के बाद के घटनाक्रमों का दस्तावेजीकरण करने के लिए की गई थी।

लगभग 600 स्वयंसेवक वर्तमान में भोजन, कंबल और चिकित्सा सामग्री सहित मानवीय सहायता एकत्र करने और वितरित करने में लगे हुए हैं, साथ ही जमीनी हालात के बारे में जानकारी भी साझा कर रहे हैं।

# संयुक्त राष्ट्र की ब्लैकलिस्ट से बढ़ा इजरायल पर यौन हिंसा, गुटेरेस ने कहा- ये शर्मनाक है

**इजरायल**

**इजरायल** के विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा रिपोर्ट के परिशिष्ट में इजरायली संस्थाओं को शामिल करने के फैसले की कड़ी निंदा की और अंतरराष्ट्रीय संगठन पर तेल अवीव को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाने का आरोप लगाया। मंत्रालय ने इस फैसले को संस्थागत शत्रुता करार दिया। एक्स पर एक लंबे लेख में, इजरायल के विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र को "राजनीतिक और भ्रष्ट संगठन" बताया और कहा कि यह फैसला इजरायल और हमास द्वारा किए गए वास्तविक यौन अत्याचारों के बीच एक झूठी समानता पैदा करने का प्रयास है। संघ-संबंधी यौन हिंसा रिपोर्ट के परिशिष्ट में इजरायली संस्थाओं को शामिल करने का संयुक्त राष्ट्र का शर्मनाक और बेतुका फैसला संयुक्त राष्ट्र के वास्तविक स्वरूप का एक और प्रमाण हैः एक राजनीतिक और भ्रष्ट संगठन जिसने अपने संस्थापक सिद्धांतों को त्याग दिया है और व्यवस्थित रूप से इजरायल को अपना प्राथमिक मिशन बना लिया है। यह फैसला इजरायल के प्रति संयुक्त राष्ट्र की लंबे समय से चली आ रही संस्थागत शत्रुता का एक और उदाहरण है। विदेश मंत्रालय ने कहा आज के फैसले को उसके सही संदर्भ में समझा जाना चाहिएः इजरायल और हमास द्वारा किए गए वास्तविक यौन अत्याचारों के बीच एक झूठी समानता पैदा करने का प्रयास। यही इसका एकमात्र उद्देश्य है। इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को निशाना बनाते हुए उन पर "बेबुनियाद आरोप गढ़ने" का आरोप लगाया, जो मंत्रालय के अनुसार "तथ्यों से पूरी तरह



रहित" हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा इस तमाशे के पीछे एंटोनियो गुटेरेस का हाथ है। ये वही गुटेरेस हैं जिन्होंने 7 अक्टूबर के नरसंहार को 'संदर्भित' करने की कोशिश की, जिन्होंने उन अत्याचारों में संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की संलिप्तता को छिपाया और जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र को सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। गुटेरेस अब महासचिव के रूप में अपने अंतिम महीनों का फायदा उठाकर इजराइल के खिलाफ बेबुनियाद आरोप गढ़ रहे हैं, जिनका तथ्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

इसमें आगे कहा गया है इजराइल ने इन आरोपों का व्यापक, पूर्ण और स्पष्ट रूप से खंडन किया है। इजराइल ने यह भी घोषणा की कि जब तक नए संयुक्त राष्ट्र महासचिव की नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव कार्यालय से सभी संबंध तोड़ लेगा। यह घोषणा तब हुई जब संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि इजरायली संस्थाओं को सशस्त्र संघर्ष क्षेत्रों में यौन हिंसा के संदिग्ध या जिम्मेदार पक्षों की संयुक्त राष्ट्र सूची में शामिल किया जा सकता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# टर्की के दुश्मन के घर में शेर की तरह दहाड़ने लगे भारत के खूंखार हथियार, हिले कई देश!

**पाकिस्ता**

**28** मई 2026 येरेवान की पहाड़ियों से टकरा कर जब भारतीय हथियारों की गूंज निकली तो यह केवल एक सैन्य प्रदर्शन नहीं था। यह एक नए विश्व व्यवस्था यानी कि न्यू वर्ल्ड ऑर्डर का उदय था। दुनिया ने देखा कि कैसे एक देश जो साल 2020 के युद्ध में अपने अस्तित्व की अंतिम सांसे गिन रहा था आज भारत के अजय अस्त्रों के दम पर शेर की तरह दहाड़ रहा है। दरअसल आर्मेनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा था आसमान से बरसती मौत यानी तुर्की के टीबी2 ड्रोंस और टीबी2 ड्रोंस ने साल 2020 में अर्मेनिया में तबाही मचाई थी। लेकिन भारत ने उन्हें दिया आकाश वन1। यह सिस्टम सिर्फ एक मिसाइल नहीं यह सुपर कंप्यूटर ऑन व्हील्स है। यह एक साथ 10 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है और 30 कि.मी. की रेंज में आने वाले किसी भी दुश्मन को राख बना सकता है। जब परेड में यह मिसाइलें गुजरी तो अजरबजान के पायलटो के बीच खौफ का मैसेज चला गया। अब अर्मेनिया का आसमान नो फ्लाइंग जोन बन चुका है। परेड की सबसे बड़ी दहशत का नाम था पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर यानी कि एमबीआरएल। यह वो हथियार है जिसने कारगिल की चोटियों पर पाकिस्तानियों के परखच्चे उड़ा दिए थे। अर्मेनिया को दिया गया गाइडेड पिनाका 75 से 90 कि.मी. तक मार कर सकता है, वार कर सकता है। इसकी एक ही बैटरी महज 44 सेकंड में 12 रॉकेट दाग कर पूरे के पूरे दुश्मन सैन्य एयर बेस को या यूं कह लें बेस को नक्शे से मिटा



सकती है।

अजरबैजान की लंबी दूरी की आर्टिलरी का अब भारत ने ऐसा जवाब दिया जिसका कोई तोड़ है ही नहीं। अर्मेनिया का भूगोल पहाड़ों से भरा है। वहां भारी रूसी टैंक अक्सर रणनीतिक भूल साबित होते हैं। भारत ने उन्हें दिया एम एआरजी 155 बीआर। यह दुनिया की पहली ऐसी 155 एमएम की तोप है जो 4 * 4 ट्रक पर तैनात होता है। इसे सूट एंड स्कूट तकनीक के लिए बनाया गया है। यानी गोला दागो और दुश्मन की जवाबी कारवाई से पहले ही गायब हो जाओ। साथ ही 80 एजीएस तोपे जिनकी रेंज 48 कि.मी. तक है। अब अर्मेनिया की रक्षा पंक्ति की यह रीड बन चुकी है। हथियार तब तक बेकार है जब तक आपके पास उसकी सटीक जानकारी ना हो। भारत का स्वाति वेपन लोकेटिंग रडार दुश्मन की तोप के गोले के हवा में होते ही उसकी जन्म कुंडली निकाल लेता है। यह महज 2 से 3 सेकंड में बता देता है कि गोला कहां से दागा गया है ताकि भारतीय तोपे तुरंत जवाबी हमला कर सके। अर्मेनिया के लिए यह रडार एक गेम चेंजर साबित हुआ है जिसने उसकी रक्षा को अभेद्य बना दिया है। तुर्की और पाकिस्तान ने मिलकर एक एक्सिस बनाने की कोशिश की थी जिसका मुख्य एजेंडा था भारत को घेरना और कॉकिशस में अपना दबदबा बनाना। लेकिन भारत ने अर्मेनिया के जरिए उनके सामने ही अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी।

अब जब पाकिस्तानी जनरल तुर्की के ड्रोनों की तारीफ करते थकते नहीं है, तो उन्हें अर्मेनिया में तैनात भारतीय तकनीक की याद जरूर आती होगी। अब यह भारत की स्मार्ट पावर है। दुश्मन को उसके घर में ही ढेर कर लेना। देखा जाए तो आज से 12 साल पहले भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार खरीददाता था। हम अपनी सुरक्षा के लिए दूसरों के सामने हाथ फैलाते थे। लेकिन साल 2014 के बाद नीतियां बदली।